रायपुर, बिलासपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 18 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 31 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों के लिए एक यलो (पीला) अलर्ट जारी करते हुए इन क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के कई इलाकों में आज सुबह हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 23 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया और साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 85 फीसदी दर्ज की गई।

### सुरक्षा कारणों के चलते न्यूज़ीलैंड का पाकिस्तान दौरा रद्द

**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम का पाकिस्तान का सफेद गेंद दौरा सुरक्षा कारणों के चलते रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने देश की सरकार से सुरक्षा खतरे को लेकर मिली खुफिया जानकारी के बाद रावलपिंडी में आज वनडे सीरीज के पहले मैच का खेल शुरू होने से कुछ मिनट पहले दौरे को रद्द कर दिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, न्यूजीलैंड सरकार की पाकिस्तान में सुरक्षा खतरे की बढ़ी आशंका और धरातल पर मौजूद न्यूजीलैंड क्रिकेट सुरक्षा सलाहकारों की सलाह के बाद यह निर्णय लिया गया है कि न्यूजीलैंड टीम का यह दौरा आगे नहीं बढ़ेगा। अब टीम के प्रस्थान की व्यवस्था की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय दर से आधी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उद्यम, रोजगार और अर्थव्यवस्था की स्थिति अब और अधिक बेहतर होने लगी है। कोरोना संक्रमण काल के दौरान राज्य सरकार द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधन से बाजारों में रौनक और व्यवसाय में तेजी बनी रही। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय दर की तुलना में मात्र आधी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) द्वारा 16 सितंबर 2021 को जारी रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर 3.8 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थिति देश के कई बड़े और विकसित राज्यों से बेहतर है।

# छत्तीसगढ़ की राजनीति में फिर हलचल

## एक राष्ट्रीय चैनल में आधी रात को चली ब्रेकिंग : 27 विधायक रायपुर में एकत्रित, हो सकते हैं दिल्ली रवाना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार राजनीतिक घटनाक्रम से बड़े-बड़े राजनीतिक पंडित भी अब हैरान है। इन दिनों छत्तीसगढ़ की राजनीति में अफवाहों का बाजार गर्म है। प्रदेश भर में अनेकों राजनीतिक कयास लगाये जा रहे हैं। मंत्री टीएस सिंहदेव और सीएम भूपेश बघेल के बीच जब से सत्ता की चाफी के लिए विवाद खुलकर सामने आया है। तब से कयासों का दौर खत्म नहीं हो पा रहा है। लगातार राजनीतिक उठापटक के बाद विवाद कुछ शांत होते दिख रहा था कि गुरुवार आधी रात को एक राष्ट्रीय चैनल ने ब्रेकिंग चला दी चैनल ने दावा किया कि 27 विधायक राजधानी के एक निजी होटल में ठहरे हुए हैं, और वे जल्द ही दिल्ली रवाना हो सकते हैं। खबर देखते ही लोगों के बीच एक बार फिर हलचल मच गई। रात- रात भर नेताओं के फोन बजते रहे।

### पत्रकारों के सवाल पर बोले भूपेश

### उस चैनल के बारे में क्या कहूं



सुबह होते ही पत्रकारों ने सीएम भूपेश बघेल से चैनल में चली खबरों के संदर्भ में सवाल किया तो सीएम भूपेश में मुस्कुराते हुए कहा कि 'उस चैनल के बारे में क्या कहूं' जो आप लोगों की नींद खराब करके रखे थे। सीएम बघेल ने आगे बात करते हुए कहा मुझे इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

### पायनियर टीम रात 1 बजे पहुंची होटल

एक राष्ट्रीय चैनल में खबर चलनें के बाद सच्चाई का पता लगाने पायनियर टीम राजधानी स्थित उस होटल में पहुंची जहां पर विधायकों के ठहरे होने का दावा किया जा रहा था, लेकिन स्पाट में सन्नाटा पसरा हुआ मिला। मौके पर किसी विधायक के ठहरे होनें की खबर सामने नहीं आई, न ही किसी भी प्रकार की कोई राजनीतिक हलचल दिखाई दी। यहां तक की तेज बारिश में राजधानी की गलियों भी वीरान नजर आई।

### होटल 'क्लार्क इन' में खाना खाने रुके थे कुछ विधायक

तहकीकात के दौरान खबर सामने आई कि होटल क्लार्क इन में कुछ विधायक ठहरे हुए हैं जहां पर पायनियर टीम ने दबिश दी, तो मौके पर तीन विधायक और एक कारोबारी मौजूद मिले। तीन में से दो विधायक चल रही खबरों पर कुछ भी बोलने से कतराते रहे, तो वहीं एक विधायक ने खुलकर चैनल में चल रही खबरों का खंडन किया।

### राजनीतिक खबरों के बीच रमन ने साधा निशाना

राजनीतिक खबरों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने फिर निशाना साधा है। उन्होनें कहा कि सीएम भूपेश बघेल और मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच खींचतान बीते डेढ़ महीने से चल रही है, डेढ़ महीने से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री नाम की कोई चीज नहीं है, रात में बोलते हैं कि भूपेश बघेल है, तो दिन में बोलते हैं कि टीएस सिंहदेव है, छत्तीसगढ़ की स्थिति रोज बिगड़ती जा रही है, यह बात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में कही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि राहुल गांधी को तय करना है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री कौन है, भाजपा में निर्णय कैसे होते हैं, छह महीने में पांच मुख्यमंत्री बदल गए, यहां एक मुख्यमंत्री बनाने में एक साल लगा देंगे?



## तालिबान से विश्व में आतंकवाद का खतरा : प्रधानमंत्री मोदी

वार्ता < दुशान्बे/ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान के शासन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि नयी व्यवस्था के कारण विश्व में आतंकवाद, कट्टरवाद और अस्थिरता फैलने का खतरा बढ़ा है और दुनिया को ऐसी व्यवस्था को मान्यता का फैसला सोच समझ कर सामूहिक रूप से लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में हाइब्रिड मॉड में आयोजित एससीओ के 21वें शिखर सम्मेलन के अंतर्गत शाम को अफगानिस्तान की स्थिति पर एससीओ एवं सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) के बीच एक विशेष बैठक को भी वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मौके पर दुशान्बे में मौजूद थे। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम का सबसे अधिक प्रभाव हम जैसे पड़ोसी देशों पर होगा। और इसलिए, इस मुद्दे पर क्षेत्रीय फोकस और क्षेत्रीय सहयोग बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में हमें चार विषयों पर ध्यान देना होगा। पहला मुद्दा यह है कि अफगानिस्तान में सत्ता-परिवर्तन, समावेशी नहीं है और यह बिना किसी सम्मति या समझौते के हुआ है। इससे नई व्यवस्था की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। महिलाओं तथा अल्पसंख्यकों सहित अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है। इसलिए यह आवश्यक है कि नई व्यवस्था की मान्यता पर फैसला विश्व समुदाय सोच-समझ कर और सामूहिक तरह से ले। इस मुद्दे पर भारत संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि दूसरा विषय है कि अगर अफ़ग़ानिस्तान में अस्थिरता और कट्टरवाद बना रहेगा, तो इससे पूरे विश्व में आतंकवादी और उग्रवादी विचारधाराओं को बढ़ावा मिलेगा। अन्य उग्रवादी समूहों को हिंसा के माध्यम से सत्ता पाने का प्रोत्साहन भी मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी देश पहले भी आतंकवाद से पीड़ित रहे हैं। और इसलिए हमें मिल कर सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान की धरती का उपयोग किसी भी देश में आतंकवाद फैलाने के लिए न हो। एससीओ के सदस्य देशों को इस विषय पर सख्त और साझा नियम विकसित करने चाहिए जो आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के सिद्धांत पर आधारित हों।



## सीआरपीएफ के बिना आंतरिक सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती : शाह

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके बगैर देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। श्री शाह ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा चलाए जा रहे अखिल भारतीय वृक्षरोपण अभियान-2021 के अंतर्गत शुक्रवार को महाराष्ट्र के नांदेड में बल के ट्रेनिंग सेंटर में एक करोड़वें पौधे का रोपण करने के बाद कहा , पहले इस बल पर सीमाओं की और आंतरिक सुरक्षा की ज़िम्मेदारी थी, फिर दंगे रोकने की ज़िम्मेदारी आई, फिर वामपंथी उग्रवादियों के सामने लड़ने की ज़िम्मेदारी आई, या पूर्वोत्तर में काम करने की जिम्मेदारी आई, कश्मीर में काम करने की ज़िम्मेदारी आई, सीआरपीएफ के जवानों ने हर आवश्यकता के अनुसार अपने आप को ढालकर हर अपेक्षा को पूरा करने का काम बखूबी किया और हर मोर्चे पर सीआरपीएफ की विजय पताका को गौरव के साथ आसमान तक ऊंचा किया है। उन्होंने कहा, कई लोगों को यह बात अतिश्योक्ति लग सकती है लेकिन वो इसे वास्तविकता मानते हैं कि सीआरपीएफ के बगैर देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना हो ही नहीं सकती। उन्हें और पूरे देश को सीआरपीएफ़ के जवानों के त्याग, बलिदान और समर्पण पर गर्व है और देश की आंतरिक सुरक्षा को मज़बूत करने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। देश का विकास और पांच ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनना उनके समर्पण और महत्वपूर्ण योगदान के बिना संभव नहीं है।



## राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को मिला द्वितीय पुरस्कार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रोगी सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के क्रियान्वयन में जिला अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दोनों ही श्रेणी में वर्ष 2018-19 से 2020-21 के बीच प्रदेश के अस्पतालों के हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के क्रियान्वयन में पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत राज्य के अस्पतालों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण के बाद संस्था का आंतरिक तथा राज्य स्तरीय मूल्यांकन, सेवा प्रदाय ऑडिट तथा पेशेंट संतुष्टि सर्वे की प्रक्रिया की जाती है। भारत सरकार के विशेषज्ञों की टीम द्वारा छत्तीसगढ़ के चिन्हांकित अस्पतालों का ओपीडी, आईपीडी, लेबोरेटरी, प्रसव कक्ष, आपातकाल सेवा, रेडियोलॉजी, फार्मेसी व स्टोर, जनरल एडमिन, ऑपरेशन थियेटर एवं एनबीएसयू जैसे मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2018-19 से वर्ष 2020-21 तक छत्तीसगढ़ के कुल 28 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों जिनमें 7 जिला अस्पताल, 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 13 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किये जाने पर गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है जो पूरे देश में सर्वाधिक में से एक है।

## कोविड टीकाकरण में कीर्तिमान, एक दिन में लगे दो करोड़ टीके

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर देश ने कोविड टीकाकरण के अभियान में नया कीर्तिमान रच दिया और एक दिन में दो करोड़ से अधिक टीके लगाने में कामयाबी पायी। देश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा वैक्सीनसेवा को चरितार्थ करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों एवं देशवासियों की तरफ़ से प्रधानमंत्री जी को उपहार। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक दिन में 2 करोड़ टीके लगाने का ऐतिहासिक आँकड़ा पार किया है। केन्द्र सरकार के वैक्सीन पोर्टल कोविन पर शाम करीब साढ़े पांच बजे आज दिन में लगाये गये टीकों की संख्या दो करोड़ तीन लाख से पार हो चुकी थी और आंकड़ा लगातार बढ़ रहा था।




राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

13 सितंबर से 23 सितंबर 2021



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा

1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों को 13 सितंबर से 23 सितंबर 2021 के बीच मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृह भ्रमण कर कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। सभी बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा अवश्य खिलवाएं।

क्या आप जानते हैं ? कृमि संक्रमण से बच्चों में हो सकती है:
- खून की कमी (एनीमिया)
- कुपोषण
- कमज़ोरी
- एकाग्रता में कमी या स्कूल और आंगनवाड़ी में अनुपस्थिति

कृमि संक्रमण से बचाव के तरीके
- खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें
- अपने हाथ साबुन से धोएँ, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद
- नाखून साफ और छोटे रखें
- आस पास सफाई रखें
- हमेशा साफ पानी पीएँ
- जूते पहनें
- खाने को ढक कर रखें
- साफ पानी से फल व सब्ज़ियाँ धोएँ

अगर आप पूर्णतः स्वस्थ हैं तो कोरोना से बचने के लिए इन सावधानियों का पालन करें
- घर से निकलते समय मास्क ज़रूर पहनें।
- भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।
- एक दूसरे से कम से कम 6 फीट या 3 हाथ की दूरी बना कर रखें।
- बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोएं या सैनिटाइज़र का उपयोग करें।

Samvad-29903/18

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़


## राज्यपाल ने छिंदवाड़ा में मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

# सकारात्मक सोच से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है : राज्यपाल उइके

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके छिन्दवाड़ा में स्वर्गीय पुनिया बाई मेरिट छात्रवृत्ति लोक न्यास द्वारा आयोजित मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह में शामिल हुई। राज्यपाल ने समारोह में मेधावी छात्राओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा बनते हैं। हम जब सकारात्मक सोचते हैं, तो हमें सकारात्मक उर्जा मिलती है। इससे आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हम अच्छा कार्य करेंगे और जीवन में आगे बढ़ेंगे, जो दूसरों की उपलब्धियों पर खुश होते हैं और सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं, उन्हें हमेशा सफलता मिलती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने सेवानिवृत्त वन अधिकारी एम.आर. शिवहरे द्वारा लिखित आत्मकथा ''उपलब्धियां दो जीवन की'' का भी विमोचन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने स्वर्गीय पुनिया बाई जी को नमन किया और कहा कि उनकी याद में यह मेरिट छात्रवृत्ति लोक न्यास की स्थापना की गई है। इस संस्था द्वारा 12वीं उत्तीर्ण जरूरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे आगे की पढ़ाई कर सके। मैं छात्रवृत्ति लोक न्यास के अध्यक्ष शिवहरे को बधाई देती हूं, जिन्होंने इस पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया है। शिक्षा देना और शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग करना जैसे पुण्य कार्य कोई नहीं है। शिक्षित बेटी पूरे परिवार को शिक्षित करती है। इससे समाज में जागरूकता आती है और देश, प्रगति की राह में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि किसी भी देश या राज्य के विकास में शिक्षा का योगदान सबसे अधिक होता है। शिक्षा की उपलब्धता और गुणवत्ता ही वहां के विकास की दिशा और दशा तय करती है। हमारे देश का भविष्य इन बच्चों के भविष्य पर ही निर्भर है और मैं समझती हूं कि आज का यह कार्यक्रम मेधावी बच्चों के रूप में राज्य के सबसे मूल्यवान मानव संसाधन को सशक्त बनाने का ही एक प्रयास है।

राज्यपाल ने महापुरूषों के जीवन पर आधारित तथा प्रेरणादायी पुस्तकें पढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसी पुस्तकों से महापुरूषों के जीवन के संघर्ष के बारे में जानकारी मिलती है और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि मेरा मानना है कि हर विद्यार्थी में अनंत ऊर्जा एवं असीमित संभावनाएं हैं। इसके साथ ही बच्चों में सीखने की ललक भी अधिक होती है। आवश्यकता इस बात की है कि उन संभावनाओं को मूर्त रूप देने के लिए उन्हें प्रेरणा एवं प्रोत्साहन मिले। हर बच्चे की बौद्धिक क्षमताएं अलग होती है, जिन्हें पहचानने की जरूरत है। आप में से अनेक विद्यार्थी, आने वाले समय में अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासक एवं शिक्षक बनकर देश तथा प्रदेश की सेवा करेंगे। आप ने अपनी परीक्षाओं के माध्यम से अपने सामर्थ्य का परिचय दिया है और मुझे विश्वास है कि आप सभी आज के दौर की कठोर प्रतिस्पर्धा का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।

# छत्तीसगढ़ के बच्चे स्कूलों में पढ़ाई करने के साथ-साथ हुनरमंद बनेंगे : सीएम बघेल

## मुख्यमंत्री ने की हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के साथ आईटीआई की व्यवसायिक शिक्षा के लिए संयुक्त पाठ्यक्रम की ऐतिहासिक शुरुआत

- छत्तीसगढ़ सरकार का स्कूली शिक्षा के साथ व्यवसायिक शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम
- कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के साथ होगी आईटीआई कोर्स की पढ़ाई भी: दोनो कोर्स एक साथ चलेंगे







पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के साथ-साथ आईटीआई व्यवसायिक शिक्षा के संयुक्त पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल और राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीव्हीटी) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ आईटीआई कोर्स की पढ़ाई भी विद्यार्थी कर सकेंगे। इस पाठ्यक्रम में 12वीं की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को हायर सेकेण्डरी के साथ आईटीआई का प्रमाण पत्र भी मिलेगा। इससे विद्यार्थियों के समय और ऊर्जा की बचत होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल से शुरू किया गया यह पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ की स्कूल शिक्षा में एक बहुत बड़ा और व्यापक बदलाव लाने वाला कदम साबित होगा। इसमें पढ़ने वाले बच्चों को कक्षा 12वीं का प्रमाणपत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिया जाएगा, जिससे वे उच्च शिक्षा में प्रवेश ले सकते हैं और आईटीआई का प्रमाण पत्र भी मिलेगा, जिससे वे रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। दोनों कोर्स एक साथ चलेंगे। मुख्यमंत्री ने स्कूल शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्रियों और अधिकारियों को ऐसा संयुक्त कोर्स छत्तीसगढ़ के स्कूलों में लागू करने के निर्देश दिए थे। जिसकी आज शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग जिले के पाटन के स्वामी आत्मानंद स्कूल से छत्तीसगढ़ के स्कूलों में स्कूली शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा के लिए तैयार किए गए इस पाठ्यक्रम की ऐतिहासिक शुरुआत की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा शुभारंभ किए गए इस कोर्स के तहत पाटन में 80 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें से 40 बालिकाओं का स्टेनोग्राफी हिन्दी और 40 बालकों का वेल्डिंग कोर्स के लिए चयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में आज शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरूआत हो रही है। छत्तीसगढ़ के बच्चे स्कूलों में पढ़ाई करने के साथ-साथ हुनरमंद बनेंगे और छत्तीसगढ़ के नव-निर्माण में भी अपना योगदान दे सकेंगे। बघेल ने कहा कि हायर सेकेण्डरी कक्षाओं में बच्चे अब मुख्य विषयों के साथ हुनर सीखने वाले विषय भी चुन सकेंगे। छात्रों के लिए वेल्डर ट्रेड और छात्राओं के लिए स्टेनोग्राफी हिन्दी पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह पाठ्यक्रम दो वर्ष का होगा। 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के दौरान दो वर्ष में यह पाठ्यक्रम पूरा होगा। स्कूली स्तर पर ही कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को छत्तीसगढ़ में स्थापित हो रहे छोटे और बड़े उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी, वे स्वरोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भविष्य में इस रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम का विस्तार किया जाएगा और जरूरत के अनुसार नए ट्रेड इसमें शामिल किए जा सकेंगे। विद्यार्थियों के सामने अपने भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति नहीं होगी। वे दुनिया के किसी भी कोने में जाकर रोजगार प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश में 172 अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। इसी तरह बहुउद्देशीय हिन्दी माध्यम स्कूलों को भी स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूलों के रूप में उन्नत करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विजन के अनुसार छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यह नया प्रयोग आज से शुरू हो रहा है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा भी मिलेगी और वे अपने सीखे गए कौशल से रोजगार के लिए भी तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस पाठ्यक्रम का विस्तार पूरे प्रदेश में किया जाएगा। कलेक्टर दुर्ग सर्वेश्वर भुरे ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थी कक्षा 11वीं और 12वीं के पांच विषयों में से भाषा के दो विषयों में से एक के स्थान पर तकनीकी विषय का चयन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम के लिए पाटन के स्वामी आत्मानंद स्कूल में लैब तैयार कर ली गई है। कृषि उपज मंडी दुर्ग के अध्यक्ष अश्वनी साहू ने स्वागत भाषण दिया।

नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधायक रामकुमार यादव, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के विशेष सचिव भुवनेश यादव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव प्रोफेसर व्ही.के. गोयल मुख्यमंत्री निवास में उपस्थित थे। पाटन के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कलेक्टर दुर्ग सर्वेश्वर भुरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पाठ्यक्रम के लिए चयनित विद्यार्थी उपस्थित थे।

पाटन के स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चे तारेन्द्र कुमार साहू और पूजा देवांगन ने मुख्यमंत्री बघेल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए उन्हें इस पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद दिया। तारेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि वे 10वीं कक्षा के बाद ऐसी शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे, जिससे रोजगार मिल सके। अब 12वीं के साथ उन्हें आईटीआई का सर्टिफिकेट मिलेगा। पूजा देवांगन ने कहा कि 12वीं पास करने पर उन्हें दो प्रमाण पत्र मिलेंगे।

# जेएसपीएल-मशीनरी डिवीजन में धूमधाम से हुआ विश्वकर्मा पूजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के मंदिर हसौद स्थित परिसर में आज प्रातः इंजीनियरों-शिल्पकारों-रचनाकारों के ईष्टदेव भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा परम्परागत उत्साह और भक्ति भाव से संपन्न हुई। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जेएसपीएल परिसर के शेड नंबर-4 में पूरे विधि-विधान से भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना कर कर्मचारियों ने जेएसपीएल के निरंतर विकास की उनसे प्रार्थना की। यूनिट हेड अरविंद तगई और महाप्रबंधक सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधिपूर्वक भगवान की आराधना की। इस अवसर पर अनुष्ठान पं. वी.पी. पांडेय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुकेश तिवारी, रविंदर शर्मा, कार्मिक प्रमुख सूर्योदय दुबे समेत अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कहते हैं कि विधिपूर्वक भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा करने से रोजगार और व्यवसाय में तरक्की मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का शिल्पी कहा जाता है। वे निर्माण एवं सृजन के देवता हैं। वे संसार के पहले इंजीनियर और वास्तुकार कहे जाते हैं। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संसार में जो भी निर्माण या सृजन कार्य होता है, उसके मूल में भगवान श्री विश्वकर्मा जी विद्यमान होते हैं। उनकी आराधना से कोई भी कार्य बिना विघ्न पूरे हो जाते हैं। पौराणिक आख्यानों के अनुसार विश्वकर्मा जी ने सृष्टि की रचना में ब्रह्मा जी का सहयोग किया तथा पूरे संसार का मानचित्र बनाया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी ने स्वर्ग लोक, श्रीकृष्ण की नगरी द्वारिका, सोने की लंका, पुरी मंदिर के लिए भगवान श्री जगन्नाथजी, बलभद्रजी एवं सुभद्राजी की मूर्तियों, इंद्र के अस्त्र वज्र आदि का निर्माण किया। ऋग्वेद में श्री विश्वकर्मा जी के महात्म्य का उल्लेख है। जेएसपीएल के मंदिर हसौद परिसर में प्रत्येक वर्ष धूमधाम से भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जिसमें सभी कर्मचारी सपरिवार सम्मिलित होकर अनुष्ठान करते हैं।

# टॉलेस्ट टॉवर 'अविनाश वन' की ग्रैंड लॉन्चिंग

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप का अपने कई यूनिक और शानदार प्रोजेक्ट्स की वजह से प्रदेश में एक अलग ही खास पहचान स्थापित है । ग्रुप ने शहर को कई लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स दिए हैं, जिसमें रेजीडेंशशयल और कामर्शियल दोनों है । ग्रुप का शहर के विकास में भी हमेशा ही उल्लेखनीय योगदान रहा है । इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए ग्रुप ने अपने नाम की प्रतिष्ठा के मुताबबक कई नई खासियतों और बेहतरीन सुविधाओं वाला अपना नया प्रोजेक्टट 'अविनाश वन' लॉन्च किया है । शुक्रवार को इस नए प्रोजेक्टट की ग्रैंड लॉन्च शहर की पॉश और प्रीमियम लोकेशन मेग्नेटो मॉल के सामने की गई। ग्रुप का मानना है कि यह प्रोजेक्टट भी अपने नए कॉन्सेप्ट और यूनिक फ िचर्स की वजह से रायपुर सिटी को एक नई पहचान दिलाएगा।

अविनाश ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद सिंघानिया ने बताया कि अविनाशवन, ग्रुप का 5वां प्रोजेक्ट है । इस प्रोजेक्टट के माध्यम से हम अपने शहर को एक बार फिर कुछ नया और अलग देने जा रहे हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट की धारणा और दिशा अविनाश ग्रुप की टीम ने मिलकर तय की है । प्रोजेक्ट में प्रदेश का टॉलेस्ट टावॅर बनाने जा रहे हैं, जो कि 19 फ्लोर का होगा। लाइव,वर्क, प्ले और शॉप की थीम के साथ यह प्रोजेक्ट लाया गया है । एक तरह से यह प्रोजेक्ट संयुक्त लीविंग को प्रजेंट करता है जो कि ग्लोबल सिटीजन के लिए है । इस मिक्टस यूज्ड प्रोजेक्ट की खासियतों की बात करें तो इसमें 3 और 4-बीएचके वाले 126 अल्ट्रा प्रीमियम रेजीडेंशियल अपार्टमेंट होंगे।

# मुख्यमंत्री ने वामनराव लाखे की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित वामनराव लाखे की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश के स्वतंत्रता संग्राम और छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए उनके योगदान को याद किया। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय लाखे जी को छत्तीसगढ़ में सहकारिता के जनक के रूप में जाना जाता है। उनके प्रयासों से रायपुर में प्रथम सहकारी बैंक की स्थापना हुई। लाखे ने छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजागरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। छत्तीसगढ़ की प्रथम मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ मित्र के सम्पादक के रूप में उन्होंने यहां पत्रकारिता की बुनियाद रखी। राष्ट्रीय चेतना के विकास में इस पत्रिका ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे।

# हैण्डलूम एक्सपो व डिज्नीलैण्ड के कुछ दिन शेष

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



काली मंदिर, आकाशवाणी के सामने स्थित गॉस मेमोरियल मैदान में हैण्डलूम एक्सपो डिजनीलैण्ड मेला को राजधानीवसियों द्वारा काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। शहर में इस आयोजन के कुछ ही दिन बाकी हैं। इसमें एक से बढ़कर एक सामान जैसे शो पीस, फर्नीचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम खरीदारी के लिए उपलब्ध है। इसके साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन हेतु डिज्नीलैंड में एक से बढ़कर एक झूले भी हैं। आयोजन में आकर्षक डिस्काउंट भी दिये जा रहे हैं।

उपरोक्त जानकारी एक्सपो के संचालक ने दी। इस आयोजन में हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट, लाइफ स्टाइल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं। मुख्य आकर्षण के रुप में कश्मीरी साड़ी, कलकत्ता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बटीक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोवर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती (मोजड़ी), बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वूडन पैंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। आयोजन में बच्चे यहां डिजनीलैण्ड में ब्रेकडांस झूला, कोलबंस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, चीली झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का भरपूर मज़े ले रहे हैं। यहां लोग खरीदारी के साथ फूड ज़ोन में एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड का आनंद उठा रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रदर्शनी में कोविड-19 के लिये शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का बराबर पालन किया जा रहा है।

# सीएम ने विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना की



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर अपने निवास में पूर्ण विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों और श्रमवीरों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी।

## रमनसिंह के कार्यकाल में जनता विकास दूंढती रही

# जनता की तरह विकास देखने चश्में का नंबर बदले रमन सिंह : शैलेश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि आज कांग्रेस सरकार है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है तो किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मजदूरों के लिए न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, वनोपज संग्रहण, चौतरफा विकास का काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ समृद्ध हो रहा है। पुरखों के सपनों के छत्तीसगढ़ का निर्माण हो रहा है। यह रमन सिंह जी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। रमन सिंह जी को दिख रहा है कि कोई मुख्यमंत्री नहीं है। जब रमन सिंह जी मुख्यमंत्री थे तो जीरम कांड हुआ जिसमें कांग्रेस नेताओं की पूरी पीढ़ी शहीद हो गई। नान घोटाला, चावल घोटाला, अंखफोड़वा कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, झलियामारी कांड, मीना खल्खों कांड रमन सिंह जी का कार्यकाल इन्हीं कार्यों के लिए जाना जाता है। रमन सिंह के शासनकाल में बस्तर में सारकेगुड़ा, एडसमेटा, पेद्दागेलूर, सोनकू-बिजलू हत्याकांड जैसी घटनायें, फर्जी आत्मसमर्पण, फर्जी मुठीभेड़ों में आदिवासियों की हत्यायें जैसे काम होते थे। आज छत्तीसगढ़ में ऐसे कोई काम नहीं हो रहे हैं इसलिए रमन सिंह जी को लगता है कोई मुख्यमंत्री नहीं है। जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी हैं और जनहित में अच्छा काम कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ में रमन सिंह जी मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनको सभी ओर विकास दिखता था और छत्तीसगढ़ की जनता विकास ढूंढते रही। रमन सिंह के कार्यकाल में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी रही। किसानों की आत्महत्या की घटनाएं, किसानों के साथ वादाखिलाफी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती, युवाओं के रोजगार को आउटसोर्सिंग के माध्यम से बेचने की नीति और छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, परंपरा को दबाने की कोशिश किया गया। प्रशासनिक अराजकता चरम सीमा पर रही है। उसे डॉ. रमन सिंह विकास बताते रहे हैं और समझते रहे हैं। अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों से किए वादे को पूरा कर रही है। छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति परंपरा को सहेजने के लिए काम कर रही है। सर्वहारा वर्ग के विकास की सोच के साथ काम कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की जनता को विकास दिख रहा है और रमन सिंह जी को विकास नहीं दिख रहा, सरकार नहीं दिख रही है तो रमन सिंह को अपने चश्मे का नंबर बदलना चाहिए।

# ट्विटर की ट्रेंडिंग में पिछड़े मोदी : बिस्सा

## क्या वे राष्ट्र की भावनाओं के अनुरूप इस्तीफा देंगे?

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया प्रभारी राजेश बिस्सा ने कहा कि मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर ट्विटर की ट्रेंडिंग देख समझ आया कि परिवर्तन केंद्र सरकार में होना था लेकिन गुजरात में हो गया। बिस्सा ने कहा कि मोदी जी को देश की भावनाएं देखते हुए अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर राष्ट को एक बहुमूल्य उपहार देना चाहिए। उनके इस उपहार को राष्ट सदैव याद रखेगा। क्या वे राष्ट्रहित में इस्तीफा देंगे ? बिस्सा ने बताया कि आज मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाओं का हेस्टैक चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है लेकिन ट्विटर उसे नंबर वन बता रहा है इससे यह बात भी स्पष्ट हो गई कि सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म्स केंद्र सरकार के इशारे पर कैसे नाचते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण ट्विटर का आज चल रहा यह ट्रेंड है जिसमें नरेंद्र मोदी जी को शुभकामनाएं देने वालों की संख्या अभी तक सिर्फ 452 च ही पहुंची है जबकि उनसे ज्यादा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस 1.35 रू नेशनल अनइंप्लॉयड डे 953 च तथा मोदी रोजगार दो 508 के क्रिट के साथ ट्रेंड कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर राज्य के सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का आदेश जारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा मंत्रालय (महानदी भवन) से राज्य के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य के कर्मचारियों को 1 जुलाई 2021 से सातवें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 10 प्रतिशत अतिरिक्त मंहगाई भत्ता दिया जाएगा। अब राज्य सरकार के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में 17 प्रतिशत और छठवें वेतनमान में 164 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़े हुए महंगाई भत्ते की राशि का एक जुलाई 2021 से नगद भुगतान किया जाएगा। वर्तमान में राज्य सरकार के शासकीय कर्मचारियों को माह जनवरी 2019 से सातवें वेतनमान में 12 प्रतिशत की दर से तथा छठवें वेतनमान में 154 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

# 2 माह से फरार शराब तस्करी के मुख्य आरोपी को बस्तर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पूर्व में मुख्य आरोपी पर 588 पेटी अवैध शराब तस्करी का था आरोप

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शराब तस्करी के मामले में दो माह से फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कर वही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है ज्ञात हो कि 20 जुलाई 2021 तो थाना नगरनार को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि अवैध रूप से उड़ीसा से छत्तीसगढ़ की ओर शराब का परिवहन किया जा रहा है सूचना पर थाना नगरनार के द्वारा छत्तीसगढ़-उड़ीसा सीमा पर मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर वाहन क्र. यूपी 54 - डी 4223 में 588 पेटी अंग्रेजी शराब (5093 लीटर) बरामद कर मामले के आरोपी वाहन चालक लालजीत यादव एवं अन्य के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था! मामले में आरोपी वाहन चालक लालजीत को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था ! मामले का मुख्य आरोपी विनोद चौहान जो उक्त ट्रक का वाहन स्वामी था जो मौके से फरार हो गया था जिस की पतासाजी कीं जा रही थी आरोपी विनोद चौहान के संबंध में जानकारी मिली की वह जमशेदपुर झारखंड क्षेत्र में उपस्थित है सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक मिलिंद पांडे के पर्यवेक्षण में , शिवशंकर गेंदले थाना प्रभारी नगरनार के नेतृत्व में टीम गठित कर टीम झारखंड रवाना किया गया था उक्त टीम के द्वारा जमशेदपुर में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम विनोद चौहान निवासी उत्तरप्रदेश का होना बताया जिससे पूछताछ करने पर बताया कि वह वाहन क्रमांक यूपी 54 डी 4223 का ट्रक मालिक है और रिया ट्रांसपोर्ट का संचालक है जो 20 जुलाई 2021 को अवैध रूप से शराब का परिवहन झारखंड , उड़ीसा होते हुए छत्तीसगढ़ कर रहा था जो ट्रक से आगे निगरानी करते चल रहा था ट्रक को पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर मौके से फरार हो जाना बताया ! पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है मामले में आरोपी विनोद चौहान के कब्जे से एक कार क्र. जे एच 05 / सी जेड 4223, 02 नग मोबाइल, 03 नग डेबिट कार्ड बरामद कर जप्त किया गया है मामले में आरोपी विनोद चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया है !

# भाजपाइयों ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन सेवा और समपर्ण अभियान की शुरुआत

## 7 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे



पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा सेवा और समपर्ण दिवस के रूप में मना रही है। नारायणपुर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं जिसमे कार्यक्रम के प्रभारी के रूप बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप उपस्थित थे। सर्व प्रथम भाजपाईयों द्वारा नगर के सबसे पुराने प्राथमिक शाला में जाकर बच्चो के बीच केक काटा गया तत्पश्चात उपस्थित बच्चो को मिठाई एवं बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय भाजपा कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित दिनेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री की जीवनी एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला एवं सभी कार्यकर्ताओं को 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा और समपर्ण अभियान के तहत सभी कार्यो को बूथ स्तर तक सम्पन्न करने एवं सभी कार्यकर्ताओं को बढ़ चढ़कर सम्मिलित होने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन रूपसाय सलाम नारायण मरकाम जागेश्वर ठाकुर मंगलचंद जैन रतन दुबे संदीप झा जय प्रकाश शर्मा कमलजीत आहूजा प्रताप मंडावी शैलेश साहू मंगडू नुरेटी शान्तु दुग्गा जैकी कश्यप केशर निषाद अनिता कुमेटी शांति ठाकुर मयंक जैन एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जीवीके महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



विश्व के निर्माता भगवान विश्वकर्मा जयंती पूरे शहर में धूम धाम से मनाई गई। विभिन्न फैक्ट्रियों, लोहे आदि की दुकानों, वर्कशॉप आदि के अलावा घरों में भी मशीनों की पूजा अर्चना की गई। कई विश्वकर्मा परिवारों के घरों में हवन पूजन का आयोजन हुआ। लोगों ने अपने घरों में मशीनी और लोहे के उपकरणों की सफाई की और पूजा अर्चना की गई। इसी अवसर अबूझमाड़ में स्वास्थ्य सेवा दे रहे जीवीके महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने भी अपने वाहनों की पूजा अर्चना की एवं बड़ी धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई।

संस्था के कर्मचारी मुरली सिन्हा ने बताया कि हर वर्ष की भांति जीवीके महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारी आज के दिन अपने वाहनों को साफ सफाई कर वाहनों एवं औजारों की पूजा अर्चना करते हैं एवं भगवान सुख समृद्धि की कामना करते है सभी कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया जाता है। बता दे कि स्वर्ग लोक से द्वारिका तक के रचयिता भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। साथ ही यह कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है। विश्वकर्मा जयंती हर साल के 17 सितंबर को भारत देश में धूमधाम से मनाई जाती है। जयंती के दिन देश के विभिन्न राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों की फैक्ट्रियों में लोहे की दूकान, वाहन शोरूम, सर्विस सेंटर आदि में पूजा की जाती है।

# ओबीसी महासभा जिला कोंडागांव ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश ओबीसी महासभा के निर्देशानुसार 16सितंबर को पिछड़ा वर्ग समाज की संवैधानिक अधिकार, और बुनियादी समस्याओ को लेकर महामहिम राष्टपति, प्रधानमन्त्री,मुख्यमंत्री छग शासन के नाम जिलाधीश कोंडागॉव पुष्पेंद्र मीणा को ज्ञापन प्रस्तुत कर शीघ्रता शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए, ओबीसी महासभा जिला कोंडागांव जिलाध्यक्ष मनोज देवांगन, प्रदेश महासचिव रितेश पटेल ने बताया कि अनेकों बार सरकार को आवेदन निवेदन किया गया है, परन्तु शासन ध्यान नही दे रही है लगता है अब पिछड़ा वर्ग मे आने वाले छत्तीसगढ के समस्त जाति समुदायो को उद्वेलित होकर चरणबद्ध ढंग से आंदोलन के लिए सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ेगी । ज्ञापन में प्रमुख मांग प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी का जातिगत जनगणना कराए जाने हेतु जनगणना फार्म में ओबीसी का कालम जोड़े जाने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजते हुए ओबीसी महासभा की मांग से अवगत कराया जाए। ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रीमी लेयर की शर्तो को समाप्त किया जाए। मंडल कमीशन की अनुशंसाओं को पूर्णतया लागू किया जाए। छत्तीसगढ़ में लंबित 27 प्र. ओबीसी आरक्षण को शीघ्र लागू किया जाए।

उपरोक्त मांगों पर ज्ञापन सौंपने में रितेश पटेल प्रदेश महासचिव ओबीसी महासभा, मनोज देवांगन जिला अध्यक्ष कोंडागांव, नकुल देवांगन उपाध्यक्ष जिला देवांगन समाज, कमल देवांगन सलाहकार देवांगन समाज, वरुण सेठिया विधायक प्रतिनिधि, तारेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, सेवक राम दीवान, चमरू निषाद, राम नाथ पांडे, श्रीनाथ दीवान के साथ ओबीसी समुदाय में आने वाले सभी समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही।

# विश्वकर्मा जयन्ती पर शिल्पकारों के हाथों ही कराया, प्रतिष्ठान का शुभारम्भ रेस्त्रां के मालिकों ने

- नींव से निर्माण तक के मजदूरों द्वारा कराया गया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कोण्डागाँव के नेशनल हाईवे 30 पर श्री विश्वकर्मा जयंती पर एक नवीन रेस्टोरेंट वी-देशी का उद्घाटन किया गया, खास बात यह रही कि उक्त रेस्त्रां का उद्घाटन उन कारीगरों- शिल्पकारों के हाथों से करवाया गया जिन्होंने उस भवन निर्माण के दौरान नींव से लेकर इंटीरियर कार्य तक में अपने हाथों की कारीगरी दिखाई। वी-देशी कैफे के प्रबंधक अनमोल गोलछा व पुण्य गोलछा ने कहा कि एसजी ग्रुप के द्वारा सभी निर्माण कार्यो में लोकार्पण मजदूरों द्वारा ही करवाया जाता है, वीआईपी गेस्ट तो सभी जगह लोकार्पण करते है, हमने उन कामगारो के हांथो अपने रेस्त्रां का उद्घाटन करवा कर उन्हें और बेहतर कार्य के लिके प्रोत्साहित करते हमारे संस्थान में बेहतरीन कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# एमपीएसई पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सहभागी समाज सेवी संस्था एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से जिला कोंडागांव में नोडल ऑफिसर के साथ एमपीएसई मैपिंग पापुलेशन साइज इष्टिमेशन पर चर्चा किया गया। जिसमें कोंडागांव जिले के ऐसे एरिया जहां पर एफएसडब्ल्यू, एमएसएम, टीजी समुदाय के लोग हो, उस एरिया का सर्वे कर उस क्षेत्र में मिलने वाले अनुमानित एफएसडब्ल्यू, एमएसएम, टीजी संख्या की जानकारी देना है। जिससे हमें एफएसडब्ल्यू, एमएसएम, टीजी की जानकारी पता चल सके। इस कार्यक्रम में नोडल ऑफिसर डॉ सूरज सिंह राठौर, डॉ केके पांडे, पीओ दीपक सरकार व आईसी रीसी काउंसलर संतोष एसटीआई काउंसलर व लैब टेक्नीशियन शंकर नेताम व लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना कांकेर से टिकेश्वर सिन्हा, राकेश सिन्हा, गोपाल शर्मा के साथ अन्य कार्यकर्ता संध्या शुक्ला एवं संदीप कांडली उपस्थित थे।

## दहेज के लिए प्रताड़ति करने वाले आरोपी पिता-पुत्र को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर।** दहेज उत्पीड़न के मामले में दो साल से फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।ज्ञात हो कि पीड़िता का वर्ष 2015 में आरोपी भास्कर राव के साथ विवाह हुआ था वर्ष 2017 में पीड़िता को एक लड़की पैदा हुई थी लड़की पैदा होने के पश्चात पीड़िता के पति एवं ससुर के द्वारा दहेज के नाम 300000 मांग कर प्रताड़ति किया जा रहा था जिस पर पीड़िता ने कोतवाली में अपने पति एवं ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी जिस पर कोतवाली में आरोपी भास्कर राव और वेंकट अप्पा राव के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का अपराध दर्ज कर अनुसंधान में लिया गया था मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र सिंह मीणा एवं अति. पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। विवेचना दौरान उक्ट टीम के द्वारा लगातार घटना दिनांक से फरार आरोपियों की पता तलाश किया जाकर टीम आंध्रप्रदेश रवाना किया गया।

## सुपोषित छत्तीसगढ़ परिदृश्य एवं चुनौतियां विषय पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी

# जन मानस को जोड़कर कुपोषण दूर करने के लिए किया जा रहा प्रयास : कंगाले

- पोषण वाटिका के माध्यम से दूर किया जा रहा है कुपोषण : कमिश्नर चुरेन्द्र

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पोषण माह 2021 के रूप में 1 सितम्बर से 31 सितम्बर तक मनाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के तहत बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में सुपोषण छत्तीसगढ़ परिदृश्य एवं चुनौतियां विषय पर संभाग स्तरीय एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा कंगाले ने कहा कि पोषण अभियान के माध्यम से जन मानस को जोड़कर कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। पोषण के प्रति समाज में जागरूकता की कमी है इसे दूर कर महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण के स्तर में कमी लाने हेतु विभाग सतत कार्य कर रही है। गर्भवती माताओं को पोषण आहार का सेवन हेतु प्रेरित करने से मातृ मुत्यु दर में कमी आई है, साथ ही बच्चों को भी सशक्त बनाया जा रहा है। बस्तर संभाग में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कई नवाचार किए गए है। साथ ही पोषण अभियान में 17 विभागों के समन्वय से कार्य किया जा रहा है।

कंगाले ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों सुनियोजित तरीके से पुनः खोला गया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने कोरोना काल में काटेक्ट टेऊसिंग के कार्य में स्वास्थ्य विभाग के साथ काम करते हुए सर्दी-खासी वाले 4 लाख व्यक्तियों की पहचान करे हैं। साथ ही कोरोना काल में हितग्राहियों के घरों में रेडी-टू ईट और गर्म भोजन की सामाग्री पहुंचाई है और वजन त्यौहार आयोजन कर कुपोषित बच्चों का पहचान किया गया, जो की काबिले तारिफ है। बस्तर संभाग के कांकेर जिले में पोषण हेतु रागी खाद्य पदार्थ का उपयोग, कोण्डागांव में कुपोषण में कमी तथा बस्तर जिले में एनआरसी पर अच्छा काम हुआ है। इस संगोष्ठी के माध्यम से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी में नई ऊर्जा का संचार किया जाना है।

इस अवसर पर आयुक्त जीआर चुरेन्द्र ने कहा कि बस्तर संभाग में पोषण वाटिका का उपयोग कुपोषण को दूर करने में किया जा रहा है। समय की मांग के आधार पर किचन गार्डन, पोषण वाटिका, घरों में फलदार पौधे, मुनगा, पपीता आदि का विकास करना जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, सिविल सेंस पर निरंतर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी का लाभ बस्तर को होगा। कुपोषण को दूर करने के लिए विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को दृढ़ इच्छा शक्ति, समर्पण भाव के साथ अपने पदीय दायित्व के प्रति सजग रहना होगा। वर्तमान में परिवार की महिलाएं अपने गृह कार्य में इतने व्यस्त होते हैं, कि उन्हें पता ही नहीं चलता की वे बीमारियों से घिर गई है। परिवार महिलाएं यदि कुपोषित होंगी तो इसका असर आने वाले बच्चों में भी होता है। इसलिए परिवार में सभी सदस्यों को अपना दायित्व निभाना चाहिए। कमिश्नर चुरेन्द्र ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदर्शनी की सराहना की।

SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

# उद्योगों में हुई विधि विधान से शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



मिलेनियम हाईटेक पावर एंड स्टील लिमिटेड महिंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड तथा संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा में विधि विधान पूर्वकशिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया गया हाईटेक पावर एंड स्टील लिमिटेड में एम डी कमल अग्रवाल-महिंद्रा स्पंज एंड पावर में मनोज अग्रवाल एवं संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड में भावेश खेतान ने पूजा कर कारखाना में कार्यरत कर्मचारियों को प्रसाद वितरण किया और सभी को शुभकामनाएं दी। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। इस दिन विशेष तौर पर औजार, निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों, मोटर गैराज, वर्कशॉप, लेथ यूनिट, कुटीर एवं लघु इकाईयों आदि में भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा पहले वास्तुकार और इंजीनियर हैं। इन्होंने ही स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, द्वारिका नगरी, यमपुरी, कुबेरपुरी आदि का निर्माण किया था। विश्वकर्मा जी को ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में भी माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ही ऐसे देवता हैं जो हर काल में सृजन के देवता रहे हैं व सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, जिनसे जीवन संचालित होता है वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। अत~इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन सभी कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में विश्वकर्मा जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है। तिल्दा नेवरा में विभिन्न जगहों में भगवन विश्वकर्मा जयंती धूम धाम से मनाया जा रहा है।

## दीपक फेब्रिकेशन में किया गया उल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजा



17 सितंबर दिन शुक्रवार यानी कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा पूजा पूरे तिल्दा नेवरा में हर्षोल्लास मनाया गया। भगवान विश्वकर्मा देवो के शिल्पी, वास्तुकार और संसार के पहले इंजीनियर हैं। वे इंद्रपुरी, द्वारिकानगरी, सुदामापुरी, इंद्रप्रस्थ, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंकानगरी, पुष्पक विमान, शिव के त्रिशूल, यमराज के कालदंड और विष्णुचक्र आदि के निर्माणकर्ता हैं। विश्वकर्मा पूजा के दिन कारखानों, कार्यालयों, उद्योगों आदि में भगवान विश्वकर्मा की विधिपूर्वक पूजा होती है। उनकी ही कृपा से बिजनेस और काम में तरक्की तथा उन्नति मिलती है। उसी के साथ तिल्दा तुलसी रोड स्थित दीपक पब्लिकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । विश्वकर्मा पूजा दीपक फेब्रिकेशन के संचालक केजाउराम वर्मा दीपक वर्मा विक्की वर्मा।

# फसल बीमा की जानकारी लेने गए किसान के साथ बैंक ने किया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम बोंदा नवापाली के किसान गहकी साहू ने 15 एकड़ फसल बीमा के भुगतान के बावजूद 2 एकड़ के फसल बीमा राशि का भुगतान मिलने और इस गफलत के लिए उन्होंनें बैंक प्रबंधन को जिम्मेदार बताते हुए किसान ने मामले की शिकायत एसडीएम सरायपाली से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है। किसान गहकी के नाम लगभग 15 एकड़ जमीन है। जिस पर वे वर्षो से खेती करते आ रहे है। उक्त भूमि रकबा के आधार पर स्टेट बैंक सरायपाली में उनका केसीसी का खाता है। जिसमे निरंतर प्रतिवर्ष लोन ले रहे हैं एवं समय पूर्व लोन चुकता कर रहे है। गत सत्र फसल बीमा की राशि स्टेट बैंक के खाता क्र 35228418241 से 14.7.20 को 4520 रु कटा है। गत सत्र में ही अकाल के चलते उन्हें फसल बीमा की राशि मिलनी थी। जो करीब एक लाख रू होनी थी। जबकि उनके खाते में फसल बीमा राशि के रूप में महज 12517 रु ही जमा हुआ। ग्राम बोंदा नवापाली में प्रति एक? 6700 रु. के हिसाब से किसानों को फसल बीमा की राशि मिलनी थी। ऐसे में किसान गहकी को महज 2 एकड़ की ही फसल बीमा राशि मिली। इस सम्बन्ध में किसान द्वारा स्टेट बैंक सरायपाली के अधिकारियों से बीते तीन महीने से फसल बीमा की अधूरी मुआवजा राशि मिलने को लेकर सवाल जवाब किया जा रहा है। किसान गहकी साहू ने बताया कि उनके द्वारा फसल बीमा दस्तावेज (फाइल) को सम्बंधित बीमा कार्यालय कब भेजा गया है उसकी जानकारी भी देने में बैंक प्रबंधन आनाकानी कर गुमराह कर रहे हैं। जब भी वे स्टेट बैंक जाते है तो बैंक मैनेनजर द्वारा उनसे दुर्व्यवहार कर भगा दिया जाता है। किसान गहकी साहू के अनुसार बैंक प्रबंधन ने फसल बीमा प्रकरण में गांव का नाम गलत दर्ज कर दिया है जिसके चलते उन्हें फसल बीमा की राशि नही मिल पा रही है। बैंक प्रबंधन अपनी लापरवाही को छुपाने के लिए किसान को बैंक से ही गुमराह कर दुर्व्यव्हार कर भगा रहे है। जिसके बाद थक हार कर किसान गहकी ने प्रशासन की शरण लेकर मामले की जांच कर दोषीदारों पर कार्रवाई करते हुए फसल बीमा राशि भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं बैंक मैनेजर

इस संबंध में जगत मंडावी मैनेजर एसबीआई शाखा सरायपाली से चर्चा करने के दौरान उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा संबधित किसान के दस्तावेज की पड़ताल कर बीमा कंपनी से बातचीत की जा रही है। किसान के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया गया है।

# पीएम मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम के साथ सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। विधायक शिवरतन शर्मा ने भाजपा कार्यकताओं के साथ विभिन्न आयोजन कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया।

उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश को एक ओजस्वी प्रधानमंत्री मिला है जो सबका साथ, सबका विकास मंत्र से देश का विकास के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व वाली सरकार में निर्णय निर्माण की असीम क्षमता है। चीन हो या पाकिस्तान हर मोर्चे पर नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार शानदार काम कर रही है। शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी देश भर में सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भाजपा द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण मंडल के अंतर्गत ग्राम तरेंगा में जरूरत मंद आमजनो को कपड़े से बने थैलों में अनाज का वितरण किया गया, भाटापारा शहर मंडल द्वारा निशक्त जनों को ट्राइसिकल वितरण एवं भाजपा कार्यालय के बाहर वृक्षारोपण कर मनाया गया। इस मौके पर विशेष रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यद्धु, जिला मंत्री महाबल बघेल, पूर्व न.पा. अध्यक्ष मोहन बांधे, उपसरपंच तरेंगा दसरथ आडिल, विधायक प्रतिनिधि आशिष जायसवाल, सतीश सोनी, सलीम खान, पवन वर्मा, रोशन साहू, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, परस देवांगन, गोवर्धन डहरिया, आशिष पुरोहित, व्यास यद्धु, कुंजराम कोशले, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, दिलीप यादव, मुकेश साहू, सतीस साहू, अजीत निषाद, टिक्की वर्मा, अविनाश शर्मा, रवि वर्मा, रवि आडिल, प्रमोद निषाद, सुखदेव यद्धु, आयशा खान, चंद्रकला साय, प्यारे रजक, सूरज शर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, मनीष मिश्रा, पिताम्बर साहू, मलय धुरंधर, गोविंद सोनी, मनहरण यादव, दिलीप चक्रधारी, संतोष चक्रधारी, गोविंदा वर्मा, जीवन वर्मा, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धर्मांतरण एवं लव जिहाद के विरोध में जनाक्रोश धरना प्रदर्शन

**गरियाबंद।** विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष शिशुपाल राजपूत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सर्व सनातन हिंदू महा पंचायत सर्व हिंदू समाज जिला गरियाबंद के तत्वधान में 17 मई को गरियाबंद जिले में हो रहे धर्मांतरण एवं लव जिहाद के विरोध में सर्व सनातन हिंदू पंचायत द्वारा कल एक दिवसीय जन आक्रोश धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम जिला मुख्यालय गरियाबंद में गांधी मैदान में रखा गया है कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल के नाम पर जिलाधीश गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा जाएगा इस कार्यक्रम में जिले के समस्त हिंदू समाज के प्रमुख एवं समस्त हिंदू संगठन के कार्यकर्ता हजारों की भीड़संख्या में उपस्थित रहेंगे ।

# महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई शकुंतला साहू



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी और महिला कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष निता डिसूजा जी राजधानी दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के 38 स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए ,देश भर से भारी संख्या में महिला कांग्रेस की नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय में कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से राज्य सभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस फूलों देवी नेताम के नेतृत्व ने भारी संख्या में लगभग 700 महिला कार्यकर्ता शामिल हुई ,प्रमुख रूप से बालोद विधायकॉ संगीता सिन्हा पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर व भारी संख्या में महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिले महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# सेवा और समर्पण अभियान, 20 दिनों में केंद्र की योजनाएं जनता को बताएंगी भाजपा

- प्रधानमंत्री को भेजेंगे शुभकामना और आभार के लाखों पोस्टकार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तब सेवा ही समर्पण अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया है इस दौरान समाज में पिछड़े गरीब किसान समेत विभिन्न वर्गों के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा कार्यकर्ता लोगों के बीच लेकर जाएंगे।

महासमुंद भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने कहा 7 अक्टूबर 2001 को ही नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब से लेकर 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने तक के 20 वर्ष का कार्यकाल वास्तव में सेवा और समर्पण का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना करते हुए समाज में रचनात्मक सामाजिक स्वच्छता अभियान अन्य वितरण एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित करेंगे इस अभियान को ग्राम एवं नगर केंद्र के साथ-साथ बूथ स्तर तक सफल बनाने में कार्यकर्ता जुटे। जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि नई पीढ़ी एवं युवाओं को अधिक से अधिक पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाए मंडल एवं बूथ स्तर पर सेमिनार एवं सम्मेलन का आयोजन करें आगामी कार्यक्रमों को पूरी ताकत से सफल बनाएं चौधरी ने कहा कि बूथ समिति एवं ग्राम केंद्र की बैठक कर समितियों का भौतिक सत्यापन करें साथ ही सेवा और समर्पण अभियान को पूरी ताकत से सफल बनाएं । इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरला कोसरिया पूर्व विधायक रामलाल चौहान, मंडल अध्यक्ष धनेश नायक साथ ही भाजपा की सदस्यों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विकास एवं जनता के सुख दुःख में सदैव सार्थक पहल के लिए हमेशा अग्रसर रहूंगी : शकुंतला साहू

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू के मुख्य आतिथ्य में बलौदा बाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरा में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत हाई स्कूल पहुंच मार्ग कांक्रीटीकरण कार्य (लागत 12 लाख) का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की सरकार विकास की दिशा में नित नए-नए आयाम स्थापित कर रही है ।छत्तीसगढ़ में विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से छत्तीसगढ़ के सभी सार्वजनिक स्थलों को पक्के सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है प्रदेश के सभी शासकीय भवन स्कूल, अस्पताल, राशन दुकान, सरकारी कार्यालय, आंगनबाड़ी भवन, हाट बाजार, मेला स्थल, धान संग्रहण केंद्र, मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों तक बारहमासी पहुंच मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जिससे आमजन को सुविधा प्राप्त होगी। डोंगरा में हाई स्कूल भवन तक पक्के सड़क निर्माण हो जाने पर छात्रों को सहूलियत मिलेगी।विधायक जी ने आगे कहा कि राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ई श्रेणी के तहत पंजीयन कराने की योजना लागू की है जिससे युवाओं को साल भर में 50 लाख तक का निर्माण कार्यों के लिए ठेका दिया जा रहा है,डोंगरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन तक सुगम सड़क बनना है उसे भी ई श्रेणी के तहत पंजीकृत युवा को ठेका दिया गया है जो इसका जीता जागता उदाहरण है।उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया एवं समस्त जनों को बधाई दी। इस अवसर पर युवा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू,गुरुदयाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवीलाल बारवे,प्रताप डहरिया,वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त ,अभिषेक पांडेय,मनोज पांडेय, केदार डहरिया, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, सरपंच शिव वर्मा,राजू वर्मा, विनोद अनंत, बनवारी बारवे ,अजय बारवे, मुरारी साहू, संगीत कठोत्रे, धन कुमार अवधेलिया, ओम प्रकाश प्रभुवा,नारायण मांझी लालाराम वर्मा , दुर्गादास मानिकपुरी, रतन निर्मलकर, त्रिभुवन वर्मा ,, विमल साहू अश्वनी महिलांगे, देवनारायण वर्मा,तेजराम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, भूपेंद्र चेलक,सीताराम ,तोरण वर्मा, शंकर लाल वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, हितेश वर्मा, तिल्दा उपसरपंच प्रतिनिधि दीनबंधु घृतलहरे, पंचगण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## चावल में आने लगी तेजी

# पोहा मिलों के सामने बाजार का संकट

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य में 72 रुपए की वृद्धि की घोषणा के बाद चावल की कीमत उबाल लेने लगी है। इधर महंगे में धान की खरीदी करने वाली पोहा मिलें, कमजोर बाजार का सामना करने पर मजबूर है। लिहाजा कीमत 300 रुपए नीचे पहुंचने की खबर है। आशंका आगे भी मंदी की बनी हुई है।

चालू खरीफ सत्र में किसानों से धान की खरीदी 1940 रुपए क्विंटल की दर पर की जाएगी। बीते खरीफ की तुलना में 72 रुपए की वृद्धि की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद चावल बाजार में गर्मी का आना चालू हो चुका है। उपर से पर्व और त्यौहार ने भी दस्तक दे दी है। इसलिए तेजी का यह क्रम आने वाली दीपावली तक बना रहेगा।

**उत्पादन और घोषणा :** बीते खरीफ सत्र में केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य की दर 1868 रुपए प्रति क्विंटल घोषित की थी। चालू खरीफ सत्र में 72 रुपए की बढ़ोतरी की जा चुकी है। यानी चावल मिलों को 1940 रुपए क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करनी होगी। सीधा असर चावल की कीमत पर पड़ेगा। इस बार केंद्र सरकार ने चावल उत्पादन लक्ष्य 123 मिलियन टन रखा है। यह बीते साल की तुलना में 9 मिलियन टन ज्यादा है।





**उबल रहा चावल :** समर्थन मूल्य की घोषणा के बाद चावल की कीमतें बढ़ चुकी हैं। होलसेल और रिटेल काउंटर को सियाराम चावल की खरीदी 4000 से 4500 रुपए क्विंटल की दर पर करनी पड़ रही है, तो एचएमटी चावल 4000 रुपए क्विंटल की ऊंचाई पर पहुंच चुका है। विष्णुभोग ने पहली बार 7000 रुपए क्विंटल का नया भाव अपने नाम कर लिया है। सरना चावल में भी तेजी आ चुकी है। 200 रुपए की तेजी के बाद अब सरन चावल 2200 से 2250 रुपए क्विंटल की दर पर पहुंच चुका है।

**टूट रहा पोहा :** समर्थन मूल्य की घोषणा के बाद महामाया धान भी महंगा हुआ है। ऐसे में पोहा की कीमत में भी तेजी आनी थी लेकिन यह 300 रुपए नीचे आ चुका है। आगे भी मंदी के आसार के बीच महाराष्ट्र जैसे बड़े खरीददार राज्य की खरीदी, मोटा पोहा में 2700 से 2900 रुपए क्विंटल और बारीक पोहा में 3100 रुपए क्विंटल पर आकर ठहरी हुई है। ऊंची कीमत में धान की खरीदी के बाद पोहा की गिरती कीमत, पोहा मिलों को संकट में डाल रही है।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

संयुक्त जिला कार्यालय, प्रथम तल, कक्ष क्र. 109 बलौदाबाजार

क्रमांक/578/कले./डी.एम.एफ./2021 बलौदाबाजार, दिनांक/16/09/2021

**//निविदा तिथि संशोधन//**

कार्यालय कलेक्टर, जिला खनिज संस्थान न्यास बलौदाबाजार-भाटपारा (छ.ग.) में कार्यालयीन उपयोग हेतु कार्यादेश दिनांक से 01 वर्ष हेतु वाहन किराये पर लिये जाने कार्यालयीन निविदा पत्र/486/कले./डीएमएफ/2021 बलौदाबाजार दिनांक 21.08.2021 द्वारा आमंत्रित किया गया था। जिसकी अंतिम तिथि 15.09.2021 थी, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 04 अक्टुबर 2021 सायं 03.00 बजे तक बढ़ाई जाती है। निविदा दिनांक 04 अक्टुबर 2021 सायं 05.00 बजे खोला जावेगा। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www-balodabazar.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

G-63723/2

संयुक्त कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

# एनएमडीसी अवैध कब्जा हटाए, वरना नपा खुद हटाने होगी बाध्य: पालिका अध्यक्ष

## सीएम तक पहुंच चुकी है शिकायत, एनएमडीसी को नगरपालिका का नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल/दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



किरंदुल नगर पालिका क्षेत्र में एनएमडीसी द्वारा अवैध कब्जा करने के आरोप लगे हैं। 9 जगह हुए कब्जा को हटाने के संबंध में बाकायदा पालिका ने नोटिस भी जारी किया है। 4 बार नोटिस के बाद अब एनएमडीसी एवं नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय के बीच टकराव और भी बढ़ता जा रहा है। आखरी नोटिस के बाद नगर पालिका अब खुद सख्ती बरतते हुए कब्जा हटाने के मूड में है। किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी है। मृणाल ने कहा कि 1997 से एनएमडीसी ने नगरपालिका क्षेत्र में 19 जगह अवैध कब्जा कर रखा है, जिसके सारे दस्तावेज हमारे पास हैं। अब तक सिर्फ नोटिस ही जारी किया जा रहा था, लेकिन अब नगर पालिका अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए बड़ी कार्रवाई के मूड में आ गई है। दरअसल मामला काफी साल पुराना है। नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद मृणाल ने सबसे पहले इन्हीं फाइलों को खंगाला और एनएमडीसी को फिर से नोटिस भेजना शुरू किया।

नोटिस के जरिए कहा गया है कि अवैध कब्जा को हटा लें। एक नोटिस और जारी हुआ है और फिर से कहा है कि अवैध कब्जा हटा लें, वरना नगर पालिका खुद अमला लेकर पहुंचेगी व भवनों को ध्वस्त करेगी।

### दो महीने पहले हुई दोनों के बीच हुई थी बैठक

इस मामले के संबंध में मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद तक भी शिकायत हो चुकी है। बाकायदा इसके लिए एनएमडीसी अफसरों व नगर पालिका के बीच दो महीने पहले बैठक भी हुई थी। जिसमें नपा ने दो महीने का समय दिया था। लेकिन अब तक मामला जस का तस है। मृणाल ने कहा कि एनएमडीसी को काफी समय दिया जा रहा है। कुछ दिनों बाद आखरी नोटिस दिया जाएगा और फिर कार्रवाई होगी। कार्रवाई के लिए बाध्य होगी। नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल ने कहा कि एनएमडीसी ने नगर पालिका जमीन पर अवैध रूप से क्वार्टर बनाया और भवन बनाया है। जबकि उनके पास पट्टा ही नहीं है। हम सबूत के साथ बात कर रहे हैं।

# कांग्रेसी नेता अपने ही कार्यकर्ताओं को गमछा पहनाकर पार्टी प्रवेश करवा रहे हैं: पुष्पा राव

## कांग्रेस पार्टी के पास कार्यकताओं का अभाव है इसीलिए इस प्रकार का षड्यंत्र रच रहे हैं



**बीजापुर।** बीते बुधवार को 6 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया था, जिसमें चेरपाल के सरपंच, उप सरपंच सहित एक भूतपूर्व उपसरपंच एवं कार्यकर्ता थे, जिन्हें भाजपा के सदस्य होने की बात कांग्रेसियों ने कहा था। इस पर गंगालूर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य पुष्पा राव ने खंडन किया है। कहा है कि जितने भी सदस्य कांग्रेस प्रवेश किए हैं वे कभी भी भाजपा के प्राथमिक सदस्य नहीं रहे हैं। पिछली त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में वे सभी सदस्य भजपा के विरोध में,कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कार्य कर चुके हैं, ऐसे में भाजपा के सदस्य होने का कोई सवाल ही नहीं बनता। कांग्रेस में कार्यकताओं का अभाव है कांग्रेस के कार्यकर्ता स्थानीय विधायक से नाराज असंतुष्ट होकर निष्क्रिय है, इसलिए विधायक कार्यकर्ता बनाने में लगे हैं,जबकि ऐसे कृत्य से बचना चाहिए और स्वीकार करे कांग्रेस कि वे कांग्रेसियों को ही गमछा पहनाकर पार्टी प्रवेश करवा रहे हैं।

# नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपाइयों ने सेवा दिवस के रूप में मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बागबाहरा
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को शहर मण्डल बागबाहरा में सेवा दिवस के रूप के मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रम में महासमुन्द लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं सेवाकार्य में उत्साह देखने लायक था। बागबाहरा रेलवे स्टेशन परिसर व आसपास के प्लास्टिक कचरे का निपटारा करते हुवे झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सांसद चुन्नीलाल साहू ने उपस्थित जनों को मोदी जी के संघर्षमय जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण व निष्ठा से विषय में बताया कि कैसे स्वच्छता जैसे मामूली सी प्रतीत होने वाले विषय पर पूरे देश को इसका महत्व बताया और इसके लिए ऐसी जागरूकता लाई कि देश का अंतिम से अंतिम व्यक्ति भी इस मुहिम से जुड़ गया और पूरे देश भर में ये एक अभियान बन गया जो केवल कागजों पर ही नहीं वास्तविकता के धरातल पर भी क्रियान्वित हुवे और ऐसा हुआ कि आज उनके जन्मदिवस पर पूरा देश स्वच्छता का संदेश देते हुवे सेवा दिवस मना रहा है। जिला पंचायत सदस्य व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महिलामोर्चा अलका चन्द्राकर ने मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान के विषय मे कहते हुवे इसे महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा की दिशा में बढ़ाया हुवा महत्वपूर्ण चरण बताया। बागबाहरा मण्डल के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोपली जुनवानी कला बागबाहरा कला जुनवानी खुर्द घुचापाली सोनापुटी लमकेनी सुनसुनया आदि जगह पर सेवा स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया बागबाहरा शहर मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू ने सेवा कार्यक्रम के उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

बागबाहरा शहर मण्डल के मीडिया प्रभारी तुलसी यादव ने बताया कि भाजपा शहर मण्डल द्वारा आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में मुख्यरूप से नरेश चन्द्राकर, अल्का चन्द्राकर, शंकर ताण्डी, संजय मालवे हरमीत बग्गा, सत्यनारायण (सत्तू) ताण्डी, राजेश सोनी (बल्ला), पूनम चन्द्राकर, जसराज चन्द्राकर, आशीष पाण्डेय, तुलसी यादव, मनदीप चाँवला, हरकेश चन्द्राकर संतोष पटेल, शिवकुमार साहू, सुरेश नरेडिया, भावेश पुरोहित नारायण ताण्डी, नितेश पांडे डोमेन बरिहा, लालाराम साहू, लखन साहू, बाबूलाल साहू, मोहन सागर, छोटू चौहान, दिनेश विशाल, हरिराम चन्द्राकर, दुर्गाप्रसाद वस्त्रकार, मोगेश चन्द्राकर, मोहित बघेल, कमलेश साहू, सुमित छत्री, जानकी महानन्द, डिम्पल (डॉली) ध्रुव, झरना पटेल, नरसिंह ताण्डी, नीरज चन्द्राकर, जयकिशन देवांगन, गगन बघेल व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारती होस्पिटल के मेडिकल टीम ने जान गंवा चुके बच्चे को मौत के मुह से वापस निकाला

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com





चार दिन तक आंखों की पुतलियां डायलेट हो चुके बच्चे का फि र से जीवित उठ जाना चमत्कार से कम नही बच्चे की जीविटता और हमारी टीम की अथक प्रयास से बच्चा आज स्वस्थ हो पाया-डॉक्टर प्रवीण शर्मा 10 साल के बच्चे को करैत सांप ने पैर में चार जगह काटा था, बच्चा बेहोशी की हालत में भारती होस्पिटल में भर्ती हुआ बचने की संभावना न के बराबर थी, आंख की पुतलियां डायलेट हो चुकी थी,नब्ज और ब्लड प्रेशर नगण्य था। मेडिकल सुप्रिटेन्ट डॉक्टर प्रवीण शर्मा के निर्देश पर बच्चे का तत्काल इमरजेंसी ट्रीटमेंट शुरू किया गया। 7 दिन तक वेंटिलेटर सपोर्ट में रख कर होस्पिटल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर नंदिता अग्रवाल ने करैत सांप के एंटीडोड के साथ सतत निगरानी करते हुए इलाज जारी रखा 8 वे दिन बच्चे को वेंटिलेटर से निकाला गया परिजन बच्चे की बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे 16 दिन बाद बच्चा अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है और जल्द ही उसे होस्पिटल से छुट्टी दे दी जाएगी भारती होस्पिटल के मेडिकल सुप्रिटेंड प्रवीण शर्मा ने बताया कि उनके 30 साल के करियर में सांप काटने हजारो केस का इलाज किया लेकिन पहली बार करैत के चार जगह काटने के बाद शरीर काम करना बंद कर दे और 7 दिन वेंटिलेटर में रहने के बाद मरीज की जान बच जाना एक चमत्कार के समान है। सांप के भारी मात्रा में विष शरीर मे जाने के बाद और बच्चे की इस गंभीर स्थिति से बाहर निकालने में भारती होस्पिटल के मेडिकल सुप्रिटेंड डॉक्टर शर्मा, एनेस्थेटिक डॉक्टर विलास, डॉक्टर नंदिता इमरजेंसी विभाग के डॉक्टर लोकेश पटेल, डॉक्टर अश्विनी, डॉक्टर सौम्या, डॉक्टर ज्योतिर्मय प्रधान आदि का अहम योगदान रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत निरीक्षक के कंधे पर लगे रिबन को काटकर, डीएसपी पद पर पदोन्नति प्रदान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के आदेश अनुसार राज्य शासन एतद् द्वारा 01/सितं/2021 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में समिति द्वारा योग्यता अनुसार पदोन्नति सूची 2021 जारी किया गया है जिसमें कबीरधाम जिले के निरीक्षक कौशल किशोर वासनिक का निरीक्षक के पद से उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया है। जिन्हें 16/सितं. को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निरीक्षक कौशल किशोर वासनिक के कंधे पर लगे रिबन को काट, कैप लगाकर उप. पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया है। इस अवसर पर उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार उप. पुलिस अधीक्षक अजाक बी.आर. मंडावी, उप. पुलिस अधीक्षक अजीत ओगरे, अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेंताल, अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके एवं कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी के द्वारा पदोन्नत अधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की वार्षिक प्रबंधन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय में गठित विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं, डिजिटल बोर्ड, कम्प्यूटर लैब, पेयजल व्यवस्था, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, कोविड-19 टेस्ट, प्रकाश व्यवस्था, खेल मैदान समतलीकरण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक में शामिल सभी बिन्दूओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए प्राथमिकता अनुसार महत्वपूर्ण कार्यो को पूरा कराने हेतु बात कही गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के. एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की समस्त सदस्य एवं शासकीय सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के बाद कलेक्टर शर्मा और जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के. ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर शर्मा ने कोविड-19 संक्रमण काल के दौरान विद्यालय द्वारा संचालित ऑनलाईन पढ़ाई व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, अध्ययन कार्य में बच्चों की रूची एवं विद्यालय में प्रवेश किए हुए नए छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की संबंध में उनकी रूचि सहित अध्ययन एवं अध्यापन से जुड़े सभी सुविधाओ एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण काल के दौरान लॉकडाउन के समय विद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन के माध्यम से पढ़ाई कराई गई। वर्तमान में ऑनलाईन के माध्यम से पढ़ाई कार्य जारी है। क्लास 10 से 12 वी के छात्र-छात्राओं का विद्यालय में मैनुअल क्लास ली जा रही है। बच्चों के प्रवेश से पहले सभी विद्यार्थियो को अनिवार्य रूप से कोविड-19 टेस्ट कराया गया है। उन्होंने बताया कि ऑपलाईन क्लास में बच्चों के माता-पिता का पूरा सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के दौरान विद्यालय में प्रवेश किए गए नवीन छात्र-छात्राओं को विद्यालय की गतिविधियों में जोड़ने में शुरूआत में थोड़ी परेशानी हुई लेकिन बच्चों के माता पिता के सहयोग से उन्हें भी दूर कर लिया गया। आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्र से होने के बावजुद भी अभिभावकों ने ऑनलाईन क्लास की महत्व को समझा और विद्यालय को पूरा सहयोग किया। प्राचार्य प्राभाकर झा ने बैठक में बच्चों के समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने, बच्चों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु ब्यॉस हॉस्टल में आरओ लगाने, हॉस्टल के आसपास हैंण्डपंप खनन करवाने, विद्यालय के मुख्य प्रवेश मार्ग से विद्यालय एवं अन्य भवनों तक सड़क निर्माण व मरम्मत कराने, बच्चों को बेहतर खेल सुविधा देने हेतु मैदान समतली करण कराने, विद्यालय परिसर मार्ग में सोलर लाईट लगवाने सहित विद्यालय, किचन गार्डन विकसित करने एवं छात्र-छात्राओं की सुविधाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए अन्य मांगो को बैठक मे शामिल किया गया था।

# नगर में विभिन्न स्थानों पर विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



शिल्प और वास्तुकला के देव विश्वकर्मा की पूजा नगर में विभिन्न स्थानों में पूर्ण श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह पूर्वक की गई गणेश पूजा के पश्चात इस करोना काल में समस्त शासकीय दिशा निर्देशों का पालन करते हुए लोगों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों में विश्वकर्माजी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। नव प्रतिष्ठानों का भी इस अवसर पर शुभारंभ किया गया। नगर पालिका कुम्हारी के मध्य से गुजरने वाले जीटी एनएच पर ट्रांसपोर्ट से संबंधित प्रतिष्ठान जीआर इंटरप्राइजेज का भी विधिवत शुभारंभ किया गया, इस संस्थान में सभी गाड़ियों के ओरिजिनल स्पेयर पार्ट्स का विक्रय किया जाएगा, जिसका नगर वासियों को आगे चलकर लाभ मिलेगा, क्योंकि औद्योगिक नगरी का समीपस्थ नगर होने के कारण सभी प्रतिष्ठानों में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन अत्यंत ही धूमधाम के साथ श्रद्धा पूर्वक किया गया। कॉन्टिनेंटल स्टील कारपोरेशन के डायरेक्टर प्रतीक सरावगी रे सपत्नीक द्वारा अपने प्रतिष्ठान कॉन्टिनेंटल स्टील कारपोरेशन कुम्हारी में विधि विधान से विश्वकर्मा भगवान की पूजा एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कंपनी के मैनेजर बजरंग अग्रवाल विद्या शंकर पांडे प्लांट मैनेजर सुरेश पांडे रवि सिंह ठेकेदार पीरु सिंह सहित सभी कर्मचारी गण ने उत्साह पूर्वक पूजन कार्यक्रम में भाग लिया । नगर पालिका कुम्हारी के प्रांगण में वाहनों की पूजा करने के पश्चात प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई जिसे उपस्थित कर्मचारियों, नागरिकों के मध्य वितरण किया गया। नगर के प्रथम नागरिक राजेश्वर सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने विश्वकर्मा जयंती की समस्त कर्मचारियों, नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष के. रवि कुमार पार्षद गण मनहरण यादव नीतू रावते जानकी ध्रुव सहित समस्त पार्षद गण, जनप्रतिनिधि गण, मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी कुम्हारी जीतेंद्र कुशवाहा तथा अन्य कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

# 'जिला जेल' में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीता यादव एवं अमित प्रताप चन्द्रा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा ''जिला जेल'' का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष द्वारा उपस्थित बंदीगणों को विधिक सेवा से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई साथ ही उपस्थित बंदीगण को यदि कोई बंदी निजी अधिवक्ता लगाने में सक्षम नहीं है तो उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने के लिए जिला जेल में पदस्थ पैरालिगल वालिन्टियर तरूण सिंह ठाकुर को मौखिक रूप से निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नीता यादव, जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पाकशाला एवं समस्त बैरकों का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। जिसमें विचाराधीन बंदियों के लिए समुचित साफ-सफाई सहित दाल, चावल, सब्जियॉ व अन्य खाने पीने के पौष्टिक आवश्यक सामाग्री की गुणवत्ता उचित पाई गई।

मनोरंजन के संबंध में भी बैरकों में सामुहिक रूप से टी.वी. देखने की सुविधा का निरीक्षण किया गया तथा उक्त संबंध में जेल मैन्यूअल के हिसाब से और बेहतर रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से 23 करोड़ 45 लाख 44 हजार के रोड की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास व अनुशंसा से भाटापारा विधानसभा में सिमगा विकासखंड के ग्राम ढेकुना से चक्रवाय मार्ग 12.00 किलोमीटर पुलिया सहित निर्माण कार्य के लिए 23 करोड़ 45 लाख 44 हजार रूपये की स्वीकृत छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा की गई है। विधायक भाटापारा की सतत प्रयास व अनुशंसा से छत्तीसगढ़ रोड़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा ढेकुना से चक्रवाय मार्ग का पत्र 08/09/2021 को जारी कर प्रशासनिक स्वीकृति दी है और शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ करने हेतु लोक निर्माण विभाग को आदेशित किया है। विधायक शर्मा ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से आसपास के गांवों के ग्रामीणों को आने जाने में आसानी होगी एवं आवागमन भी सुगम बनेगा। इस से पूर्व के वर्षो में भी विधायक शिवरतन शर्मा की सक्रियता के कारण भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में हर तरह के विकास कार्य किये गए है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में मानो सड़को का जाल सा बिछ गया है जिससे क्षेत्रवसियो को आवागमन में सुविधा मिल रही है।

# तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा की बैठक आज छात्रावास में

**तिल्दा नेवरा।** तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, विभिन्न प्रकोष्ठो, एवं समस्त परिक्षेत्रों के सभी पदाधिकारियों से अपील है कि तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा की आवश्यक कार्यकारिणी की बैठक 18 सितं को दोपहर 11बजे नेवरा के साहू छात्रावास में आहुत कि गई है। जिसमे सभी सामाजिक बन्धु की उपस्थित प्रार्थनीय है। समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने कहा कि आप सभी को यह भी अवगत हो कि बैठक में निम्न विषय बिंदु पर चर्चा होगी। प्राप्त प्रकरणो का निराकरण। तहसील एवं परिक्षेत्रो के निर्वाचन हेतु ,नये मतदान पद्धति पर विचार, दिशा निर्देश एवं समय निर्धारण सर्वसम्मति से। आय व्यय की प्रस्तुति करण। अन्य सामाजिक चर्चाएं भी समय परिस्थिति के अनुसार की जावेगी।

## आपदा का सामना करने के लिए तैयार है बेमेतरा के स्काउट गाइड

# आपदा प्रबंधन शिविर में सीखे आपदा से बचे और बचाने के गुण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा बी.एस.पी. उच्चतर मा. वि. सेक्टर-8 में संभाग स्तरीय सीनियर स्काउट गाइड रोवर रेंजर आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास एवं साहसिक अभियान शिविर का आयोजन 12 से 16 सितम्बर 2021 तक भिलाई जिला दुर्ग में किया गया। जिसमें कुल 123 प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिला बेमेतरा से 11 राजीव ओपन रोवर क्रू के 05 रोवर विजय कुमार, विनय सेन, सतएक, पुनीत साहू, बलवीर साहू व माँ भद्राकाली ओपन रेंजर टीम के 05 दुपश्री यादव, लक्ष्मी निषाद, चमेली साहू, ज्योति साहू सम्मिलित हुए। संचालक मण्डल बेमेतरा जिला के जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा उपस्थित रहे। इस शिविर में स्काउटिंग गाइडिंग आधारभूत तत्व, आपदा के प्रकार एवं उनके कारण, प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदा, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोरोना वायरस की जानकारी दिया गया, कोरोना वायरस से पीड़ितों की मदद कैसे कर सकते हैं, यातायात के द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में बताया गया। गायत्री परिसर के दिव्य संस्थान द्वारा मानसिक विकास और व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी। अग्नि शमन फायर फाइटर विभाग बी एस पी के द्वारा अच्छी तरह से कैसे हम आग पर काबू पा सकते हैं और आग लगने के प्रकार और कौनसे आग को किस तरह से उसे रोक जा सके उसके उपकरण को उपयोग करने के बारे में बताया गया और प्रयोग कर प्रदर्शन किया गया ऊँची इमारत में लगी आग में फंसे व्यक्ति को कैसे वह से निकाल जाए। पेय जल शुद्धिकरण के बारे में बताया गया। प्राकृतिक रूप से पानी को पीने लायक कैसे बनाये इसकी प्रायोगिक जानकारी विस्तार से दी गई। नगर सेना दुर्ग के फायर ब्रिगेड एवं नगर सेना के कमांडेंट एस.डी. विश्वकर्मा और उनकी टीम के नेतृत्व मे फायर फाइटिंग एवं रेस्क्यू वर्क के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी गई। स्काउट, गाइड, रोवर, व रेंजर ने आग, पानी, भूकम्प, बाढ, प्राकृतिक और मानव निर्मित इत्यादि आपदा से विभिन्न प्रकार के होने वाले नुकसान और बचाव की जानकारी ली और उपलब्ध सभी यंत्रों का नाम और उसका व्यवहारिक प्रयोग करना सीखा। नगर सेना के बल द्वारा इसका प्रदर्शन करके बताया गया। तीसरे सत्र में बाढ आपदा के समय पुल निर्माण प्रोजेक्ट वर्क में ट्रेसल का प्रयोग कैसे किया जाता है का प्रर्दषन करके बताया गया। नागरिक सुरक्षा कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। आक्रमण होने पर बचाव कैसे करे, घायलो का प्राथमिक उपचार कर उन्हें चिकित्सा सुविधा स्थल तक कैसे पहुंचाये, सिविल डिफेंस आग कैसे बुझायें इसका प्रर्दषन किया गया।

इस शिविर में सम्मिलित स्काउट गाइड रोवर रेंजर आपदा का सामना करने में प्रविष्ट हुवे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा पदेन जिला आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बेमेतरा, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, सहसचिव चन्द्रकला शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश कुमार साहू, रजनी रेडडी, विकास खंड सचिव हिराऊ राम ध्रुव, अमित कुमार छतरी, नकुल साहू, माखन वर्मा, रेवाराम साहू जिला संघ बेमेतरा ने बधाई एवं उज्ज्वल शुभकामनाएं दिए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया




पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर धरसीवां युवां कांग्रेस के द्वारा आजाद चौक बुड़ेरा (खरोरा) में छत्तीसगढ़ युवां कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पूर्णचंद्र कोको पाड़ी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप मनाया। जिसमें युवा कांग्रेसियों ने पकौड़ा तल कर लकड़ी के चुल्हा में चाय बनाकर बेरोजगारी दिवस मनाया। इस कार्यक्रम मे युवा कांग्रेस निर्वाचित प्रदेश महासचिव रविंदर बबलू भाटिया, धरसींवा विधानसभा महासचिव खुबी डहरिया, शन्नी शर्मा संरपंच मड़ी, डागेश्वर जोशी, राकेश बघेल, सतीश पटेल, रुकेश निराला, भागवत सारथी, संजय साहू, लक्की एवं युवा कांग्रेसी व आम नागरिक शामिल हुए। उपयुक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डागेश्वर जोशी द्वारा दिया गया।

संपादकीय

## कोविड से संघर्ष बच्चों का टीकाकरण

**कोविड-19** के खिलाफ संघर्ष में बच्चों का टीकाकरण बचाव हेतु जरूरी है। भारत में शिक्षा संस्थानों के खुलने के साथ ही माता-पिता की चिन्ता बढ़ गई है कि उनके बच्चों का अभी कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण नहीं हुआ है और उनको स्कूल जाने पर संक्रमण हो सकता है। यह चिन्ता स्वाभाविक तथा समझ में आने योग्य है, पर उनकी चिन्ता का स्पष्ट समाधान सामने नहीं आ रहा है। राज्य, केन्द्र, राज्य टास्क फोर्स, केन्द्रीय टास्क फोर्स व अनेक विशेषज्ञों को एकसाथ आकर स्पष्ट करना चाहिए कि बच्चों को कब तक टीके लगने की उम्मीद है। क्या उनको इस उद्देश्य से आयुवर्गों में बांट दिया जाएगा और क्या उनमें से स्वस्थ बच्चों को फौरन टीकाकरण की आवश्यकता होगी? बालरोग विज्ञानियों का कहना है कि वायरस से स्वस्थ बच्चों को जोखिम कम है, पर इस बात पर वे एकमत नहीं हैं कि क्या बिना टीका लगे उनका स्कूल जाना सुरक्षित होगा। ब्रिटेन अभी 12-15 वर्ष आयुवर्ग के स्वस्थ बच्चों को टीका लगाने का इच्छुक नहीं है। टीके की खूराकों से लाभ बहुत मामूली होगा, तथा इसके बजाय जोखिम वाले वयस्कों तथा अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को टीका देना बेहतर होगा। इनमें हृदय, फेफड़ों व अन्य व्याधियों से लंबे समय से ग्रस्त बच्चे शामिल हैं। ब्रिटिश समिति की यह हिचक फाइजर व माडर्ना टीकों से हृदय में सूजन जैसे विरल पार्श्व प्रभाव के कारण है। भारत में 44 करोड़ बच्चों में से लगभग 12 करोड़ा 12-17 वर्ष आयुवर्ग वाले हैं। राष्ट्रीय कोविड टास्क फोर्स की राय है कि अन्य बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को प्राथमिकता पर टीके लगाए जाएं। इस प्रकार उसके कथन का अर्थ है कि स्वस्थ बच्चों को कोई खतरा नहीं है। वैसे भी वर्तमान समय में 19 से अधिक राज्यों ने स्कूल पुनः खोल दिए हैं तथा बाकी भी जल्दी ही बच्चों को कक्षाओं में भेजने पर फैसला करेंगे। लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि आगामी कुछ सप्ताह में बच्चों के लिए टीके उपलब्ध होंगे। जाइकोव-डी टीके को 12-17 वर्ष आयुवर्ग में आपातकालीन प्रयोग की अनुमति मिली है तथा बच्चों के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के परीक्षण सुरक्षित पाए गए हैं। बायोलाजिकल ई की कार्बोवैक्स वैक्सीन को पांच साल से बड़े बच्चों पर परीक्षण की अनुमति मिली है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवोवैक्स व नोवावैक्स भी फिलहाल परीक्षण के दौर में हैं। जान्सन एंड जान्सन ने 2-17 वर्ष आयुवर्ग वाले बच्चों के लिए परीक्षण की अनुमति मांगी है। हालांकि, बच्चों की वैक्सीन के बारे में वैज्ञानिकों की राय थोड़ी अलग है। वे कहते हैं कि यह पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन इसके साथ ही यह शर्त भी जोड़ देते हैं कि जोखिम-लाभ अनुपात पर सावधानी से विचार किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि बच्चों में संक्रमण हमेशा बहुत हल्का या बिना लक्षणों वाला होता है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इसके बावजूद उनको उसी तरह टीकाकरण की जरूरत होगी जैसे उनको अभी अनेक वायरस बीमारियों के खिलाफ टीकाकृत किया जाता है। सवाल यह है कि वे प्राथमिकता सूची में कहां हैं। इस सवाल का जवाब आसान नहीं है क्योंकि दो तर्क सरकार को दूसरी दिशा में ले जाते हैं। पहला, जोखिम वाले वयस्कों तथा बच्चों के समूहों को प्राथमिकता देने की स्पष्ट आवश्यकता है। दूसरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चिन्ता पर कहां तक ध्यान देने की आवश्यकता है कि अपने बच्चों का टीकाकरण कर कुछ देश गरीब देशों के फ्रंटलाइन वर्करों तथा अत्यधिक संकटग्रस्त लोगों को टीके से वंचित कर देंगे।

# मानवतावादी वैश्विक नेता हैं मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी की 20 वर्ष लंबी चुनावी राजनीतिक यात्रा भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ वैचारिक प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम है। धारा 370 व 35-ए को समाप्त करने, सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद उन्मूलन, नागरिकता संशोधन कानून समेत अनेक निर्णय पीएम की वैचारिक संकल्पबद्धता को पुष्ट करते हैं।**

**धरमलाल कौशिक,**
नेता प्रतिपक्ष,
छत्तीसगढ़ विधानसभा



17 सितंबर को हम सभी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 71वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर हर देशवासी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ व दीर्घायु होने की मंगलकामनाएं की। देश और दुनिया में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के पश्चात कई लोकप्रिय नेता हुए हैं। हर नेता की अपनी विशिष्ट कार्यशैली और क्षमता का होना स्वाभाविक है। लेकिन स्वतंत्रता आंदोलन के बाद जन्में नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और विश्व समुदाय पर जिस प्रकार अपने नेतृत्व की छाप छोड़ी है, उसकी प्रेरक अनुगंज आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। मानवीय स्वभाव अक्सर किसी एक व्यक्तित्व में अन्य श्रेष्ठ महात्म्य जनों की तलाश करता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चाहने वाले उनमें वैश्विक नेता, समाज सुधारक, दार्शनिक और आध्यात्मिक आख्यानकर्ता जैसे तमाम गुणों को सहज रूप में प्राप्त करते हैं।

विगत चार दशक से सार्वजनिक जीवन में होने के कारण गांव-शहर, विभिन्न जाति वर्ग, क्षेत्र और वहां के लोगों से संवाद करने का मुझे अवसर मिलता रहा है। अपने राजनीतिक जीवन में मैंने जैसी आत्मीयता जनमानस में नरेंद्र मोदी जी के प्रति देखी वह, अनिर्वचनीय है। प्रधानमंत्री मोदी की 20 वर्ष लंबी चुनावी राजनीतिक यात्रा भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ वैचारिक प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम है। धारा 370 व 35-ए को समाप्त करने, सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद उन्मूलन, नागरिकता संशोधन कानून समेत अनेक निर्णय पीएम की वैचारिक संकल्पबद्धता को पुष्ट करते हैं।

2014 में सेंट्रल हॉल में दिए गए भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गरीबों, वंचितों और शोषितों की सरकार होगी। यह सिर्फ भाषण के शब्द नहीं थे। श्रद्धेय मोदी जी के नेतृत्व में उनकी सरकार द्वारा लिए गए हर निर्णय में किसान, श्रमिक, दलित, महिलाएं, युवा अनिवार्य घटक हैं। 12 करोड़ किसानों को 6 हजार रुपये सम्मान निधि, 9 करोड़ से अधिक परिवारों में उज्ज्वला, 42 करोड़ जनधन खाते समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के सशक्तिकरण के यज्ञ से निकले आंकड़े हैं।

विकास का शायद ही कोई अभिकरण हो, जो प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व से पोषित न हुआ हो। तीन दशक से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाकर शिक्षा व्यवस्था को समय के साथ संस्कार और कौशल विकास से युक्त किया गया है। स्वभाषा के आधार पर राष्ट्र के विकास को नई दिशा दी जा रही है। आर्थिक सुधारों के इस क्रम में श्रम सुधारों के जरिए श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हों, यह व्यवस्था कारगर रूप से संचालित हो रही है। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए हर भारतीय के जीवन स्तर को गुणवत्ता प्रदान करने का कार्य हो रहा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी का दो दशक का कार्यकाल जनकल्याण व सुराज की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शासन संभालते ही सुशासन का सर्वस्पर्शी मॉडल उन्होंने प्रस्तुत किया, जिसे देशभर की राज्य सरकारों ने अलग-अलग रूपों में अपनाया है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अब वह न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के दर्शन से सुशासन को नया सोपान दे रहे हैं। देश के 130 करोड़ नागरिकों के प्रति उनकी सेवा भाव को इस बात से ही समझा जा सकता है कि वह स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं।

छत्तीसगढ़ के प्रति पीएम मोदी का विशेष लगाव रहा है। नवंबर 2018 में बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने छत्तीसगढ़ महतारी के विकास प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी। इस अवसर पर राज्य के प्रति अपने भावनात्मक लगाव को दोहराते हुए उन्होंने कहा था कि जिस राज्य को हमने जन्म दिया, पाला-पोसा उसके विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व ने 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बीस दिन सेवा और समर्पण अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

आज देश विश्व की महाशक्ति बनने की राह पर है। जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा का न्याय, आतंकवाद, शांति-सद्भाव, गरीबी, कुपोषण समेत मानवता के समक्ष उत्पन्न तमाम चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मानवतावादी दृष्टि है, जिसके आधार पर वह वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को चरितार्थ कर रहे हैं। कोरोना कालखंड की वैश्विक आपदा के दौरान दुनिया ने इस महान मानवतावादी नेता के साहसिक और संवेदनशील व्यक्तित्व का एक साथ दर्शन किया है।

# नए युग की डिजिटल कम्पनियों पर कराधान



**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)

डिजिटल तकनीक ने न केवल दुनिया के काम करने के तरीके को बदल दिया है, इसने देश की कराधान प्रणाली में भी पैठ बना ली है। वर्षों से, कोई भी कंपनी जो भारत की निवासी है, कराधान कानूनों के दायरे में आती रही है। हालांकि, किसी कंपनी को आर्थिक गतिविधि में संलग्न होने के लिए अब किसी देश का निवासी होने की आवश्यकता नहीं है। प्रौद्योगिकी और इंटरनेट ने एक कंपनी को एक देश में मौजूद होना और दूसरे में काम करना संभव बना दिया है। इसने उन देशों के लिए चिंता पैदा कर दी है जहां उपभोक्ता स्थित हैं क्योंकि वे पुराने कानूनों के कारण कर संग्रह के अपने हिस्से से वंचित हैं, जिनमें कर लगाने के लिए कंपनियों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

इस विसंगति के कारण अंतरराष्ट्रीय कराधान कानूनों में तत्काल संशोधन की आवश्यकता है। इस मुद्दे को हल करने के लिए, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा कुछ आम सहमति प्राप्त करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) द्वारा बेस इरोशन एंड प्रॉफिट शेयरिंग (बीईपीएस) कार्य योजना द्ध के तहत, जिसमें कुछ अंतरिम की सिफारिश की गई है। नए युग की डिजिटल अर्थव्यवस्था से उत्पन्न होने वाली कर चुनौतियों से निपटने के अवसर।

ऐसा ही एक विकल्प 'महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति' (एसईपी) की अवधारणा है जिसे दो तरीकों से परिभाषित किया जा सकता है। सबसे पहले, भारत में किसी भी व्यक्ति के साथ एक अनिवासी द्वारा किए गए किसी भी सामान, सेवाओं या संपत्ति के संबंध में कोई लेनदेन, जिसमें भारत में डेटा या सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने का प्रावधान शामिल है, यदि इस तरह के लेनदेन या लेनदेन के दौरान होने वाले भुगतानों का कुल योग पिछले वर्ष 2 करोड रुपए से अधिक है। दूसरे, भारत में 300,000 उपयोगकर्ताओं के साथ व्यापार गतिविधियों की व्यवस्थित और निरंतर याचना या बातचीत में संलग्न होना। एसईपी की अवधारणा को 'व्यावसायिक कनेक्शन' के दायरे में पेश किया गया था, जो कि किसी भी दो उद्यमों के बीच एक निरंतर और निरंतर व्यापार संबंध है जिसके परिणामस्वरूप एक अनिवासी इकाई का लाभ होता है। बीईपीएस एक्शन प्लान 1 की सिफारिश के अनुसार, एक अनिवासी उद्यम कर योग्य होगा यदि उसके पास उस देश में एक एसईपी है, जो प्रौद्योगिकी और स्वचालन की मदद से अर्थव्यवस्था के साथ एक केंद्रित, निरंतर और निरंतर जुड़ाव में लगा हुआ है।




दिलचस्प बात यह है कि भारत इस दिशा में शुरुआती कदमों में से एक रहा है। जैसा कि मौजूदा कर कानूनों में संशोधन एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, भारत में शीर्ष कर प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मार्गदर्शन में एक समिति का गठन किया गया था, जिसने 2016 में छह के बराबर कर लगाने की सिफारिश की थी। ऑनलाइन विज्ञापन और सहायक सेवाओं में भारत के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में प्रतिशत। बाद में, 2020 तक, वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन बिक्री को शामिल करने के लिए डोमेन का विस्तार किया गया। यह 2022 से प्रभावी हो जाएगा।

उदाहरण के लिए, भारत में लाखों डॉलर का सामान बेचने वाली इंटरनेट की दिग्गज कंपनी अलीबाबा पर वर्तमान में एक उद्यम के रूप में कर नहीं लगाया जाता है क्योंकि यह भारत में भौतिक रूप से मौजूद नहीं है। एसईपी की अवधारणा की शुरुआत के साथ, अलीबाबा भारत में की गई बिक्री के लिए कर योग्य होगा। इसके अलावा, एसईपी की दूसरी शर्त के अनुसार, भारतीयों से व्यापार की याचना करने का कार्य और यहां तक ??कि वास्तविक बिक्री भी किसी भी उद्यम को . यह सूचना फ़ीड और समाचार जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम, और सोशल नेटवर्क और व्हाट्सएप, वीचैट और टिकटॉक जैसे अन्य जुड़ाव-आधारित प्लेटफार्मों द्वारा संचालित कंपनियों को भारतीय कराधान नियमों के दायरे में लाता है, उनकी आय या उपयोगकर्ता आधार निर्धारित सीमा को पार करने के अधीन है।

एसईपी भारत में स्थापित किसी भी संपर्क कार्यालय पर भी लागू होता है क्योंकि वे व्यवसाय की निरंतर याचना में भी शामिल होते हैं, उन्हें इसके दायरे में लाते हैं। यह कई विदेशी कंपनियों को इन शर्तों को दरकिनार करने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों को स्थापित करने और विदेशी कंपनियों के लिए 40 प्रतिशत कर दर की तुलना में 25 प्रतिशत की कम कर दर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

कुल मिलाकर, व्यापार संबंध और महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति दोहरे कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) के अधीन लागू होगी, जो भारत में व्यापार उद्यम के गृह देश के साथ है। डीटीएए में आम तौर पर उन शर्तों को परिभाषित करने वाले विशिष्ट खंड होते हैं जिनके तहत एक मेजबान देश अपने देशों में स्थित विदेशी कंपनियों पर कर लगा सकता है। और चूंकि डीटीएए किसी भी घरेलू कर नियमों को ओवरराइड करते हैं, यह उन स्थितियों में विदेशी कंपनियों पर कर लगाने में जटिल होगा, जब महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति की अवधारणा का उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि, इस तरह का कदम डिजिटल तकनीक के इस नए युग में कर कंपनियों के प्रति भारत की मंशा को दर्शाता है। महत्वपूर्ण आर्थिक उपस्थिति को परिभाषित करने के लिए आम तौर पर स्वीकृत थ्रेसहोल्ड का निर्धारण करने में एक वैश्विक सहमति नए युग की डिजिटल कंपनियों पर कर लगाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी।

## फरमाया



**दिल्ली** में दिवाली के दौरान प्रदूषण के खतरनाक स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम पटाखों के उपयोग भंडारण, और बिक्री पर प्रतिबंध लगा रहे हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**विशेष** रूप से आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में हम ब्रिक्स संगठन की सदस्यता के फलस्वरूप लाभ उठाने में सफल रहे हैं।

– **सिरिल रामफोसा**
दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति



**नई** आबकारी नीति के लागू होने के बाद दिल्ली सरकार को एक साल में 3,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## चिंता का विषय

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन के 6 संविदा कर्मचारियों को पाकिस्तान खुफ़िया एजेंसी आई एस आई को रक्षा सम्बन्धी गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में बालेश्वर उड़ीसा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से गोपनीय दस्तावेज भी बरामद हुए। ये सभी चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज के लॉन्च पैड में कार्यरत थे। ये सभी मिसाइल परीक्षण से सम्बंधित जानकारी लीक कर चुके थे। फेसबुक के माध्यम से एक महिला के प्रेमजाल में फंस कर ये गुप्त सूचनाएं लीक कर रहे थे। जिसके बदले यह महिला इनके खातों में पैसे ट्रांसफर करती थी। ध्यान देने योग्य बात है। डी आर डी ओ चांदी पुर से वर्ष 2015 में भी एक संविदा फोटोग्राफर जो भारतीय रक्षा से सम्बंधित गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई को लीक करते पकड़ा गया। जो देशद्रोह मामले में आजीवन सजा भुगत रहा है। पाकिस्तान देश की रक्षा, सुरक्षा, विकास और अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के लिये उसकी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई जाल सारे देश में फैलाये बैठी है। चंद कागज के टुकड़ों पर देश के साथ गद्दारी करने वाले आस्तीन के सांपो और गद्दारों की भरमार है। इन देश के महत्वपूर्ण विभागों में संविदा और ठेकेदारी पर काम नही कराना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

## डेंगू और वायरल का कहर

**उत्तर** प्रदेश, बिहार सहित देश के सभी राज्यों में वायरल बुखार व डेंगू बुरी तरह से फैल रहा है। चिंताजनक बात यह है वायरल बुखार व डेंगू से बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं, इससे बच्चों समेत कई लोगों की मौतें भी हो चुकी है। खबरों के मुताबिक अधिकतर जगहों पर स्वास्थ्य का ढांचा चरमरा रहा है। मरीजों को स्ट्रेचर, एंबुलेंस, मुकम्मल इलाज जैसी सुविधा नहीं मिल रही है। इलाज के लिए भर्ती मरीजों तथा बच्चों का एक ही पलंग पर दो दो मरीजों का इलाज चल रहा है। मृत्यु होने पर शव को कंधे पर उठाकर ले जा रहे हैं। छवि की नहीं आम जनता की चिंता करते हुए, सच्चाई को स्वीकार कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो कमियां चुनौति बनकर खड़ी हुई है,उन्हें प्राथमिकता से दूर करने का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। आम जन बीमारी से परेशान हैं। जब यह आमजन ही त्रस्त रहेगा,तो प्रजातंत्र मस्त कैसे हो सकता है। चाहे सरकार की कमान किसी के भी हाथों में हो, उन्हें स्वास्थ्य का ढांचा सुधारना ही होगा। इसे नाकामी नहीं, चुनौती मानकर सुधार के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। प्रजातंत्र में अंतिम लक्ष्य तो यही होता है कि आम आदमी को हर एक सुविधा बिना किसी परेशानी के मिले।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

## तालिबान से सावधान!

**अफगानिस्तान** के हालिया घटनाक्रम से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण व दक्षिण एशिया के देशों में शामिल भारत को अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि तालिबान के विभिन्न गुट तथा हक्कानी नेटवर्क अपनी आंतरिक प्रतिद्वंद्विताओं, कबीलाई विभाजनों तथा असहमतियों से निपट कर देश में सरकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार बनाने का प्रयास करने वाले समूहों के आतंक से जुड़े होने के कारण भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है। समान रूप से पाकिस्तान की भूमिका भी चुनौतीपूर्ण है जो वहां सक्रिय रूप से सहज तरीके से सरकार गठन के काम में लगा है। भारतीय हितों के विरोधी आतंकी समूह दोनों देशों में मौजूद हैं और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों के तालिबानों के आश्वासनों पर आसानी से विश्वास किया जा सकता है। लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद अफगानिस्तान में सक्रिय हैं और कहा जाता है कि वे भारत के खिलाफ हमले करने के लिए इसे अड्डे की तरह प्रयोग करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।

– **अनिल राजपूत**, प्रयागराज

# हाथियों के दल ने जमही एवं अडजाल के बीच युवक को रौंदा

## वन विभाग ने सतर्क रहने की दी सलाह

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बढ़ रहे हाथियों की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का वातावरण निर्मित है। ग्रामीणों द्वारा हाथी को अपने क्षेत्र में घुसने से रोकने के लिए रात्रि में पटाखे फोड़ना आग जलाना जैसे अन्य उपाय किये जा रहे है। कई लोग उत्सुकतावश मोबाइल में वीडियो बनाने के लालच में कुछ हाथियों के पास जाने का भी जोखिम उठा रहे है। 16 सितंबर की शाम ऐसी ही एक घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार जमही एवं अडजाल के बीच कुदाल डोंगरी गाँव के पास जंगल में हाथियों द्वारा एक ग्रामीण युवक को कुचलकर मार डाला युवक का नाम संतोष भूआर्य ग्राम कुरुभाट का निवासी बताया जा रहा है। इस बात की पुष्टि विभाग द्वारा की गई है। हाथियों का दल कल रात्रि के बाद जुनवानी, चिपरा, किल्लेकोड़ा क्षेत्र को पार कर लोहारा वन परिक्षेत्र के डूटामारदी एवं कोड़ेकसा क्षेत्र में पहुँचने की जानकारी प्राप्त हो रही है। कल हाथियों को जमीनी क्षेत्र में विचरण करते हुए देखा गया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश नान्दुलकर से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों को बार बार हाथियों के दल से सतर्क रहने एवं आसपास न जाने, पटाखा फोड़ने से मना किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ उत्साही युवक हाथी देखने व मोबाइल में वीडियो बनाने एवं फटाका फोड़ने जैसे कार्य किये जा रहे है। वनपरिक्षेत्र अधिकारी नान्दूलकर ने बताया कि हाथियों का दल अभी जो देवपांडूम एरिया में होने की जानकारी है। यह क्षेत्र डौंडीलोहारा से लगा हुआ है अभी कुल 22 हाथी जंगल में विचरण कर उत्पात मचा रहे हैं।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बच्चों ने ओलिंपियाड में मारी बाजी

**कवर्धा।** विगत माह अगस्त में राज्य स्तर पर आयोजित विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी ओलिंपियाड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कवर्धा के 17 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। हॉयर सेकेण्डरी स्तर में छह विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अनिल नाथ योगी, चुमेन्द्र साहू, रौनक धुर्वे, तेजस्वी चंद्रवंशी, संदीप चंद्रवंशी, तथा सुमन योगी है। इसी तरह द्वितीय स्थान अर्नव चंद्राकर, करूणा कश्यप, लिंकन कुर्रे, नोमेश्वरी चंद्राकर तथा समीश चंद्रवंशी है। हाई स्कूल स्तर से गजेन्द्र भारती 50 में 50 अंक हासिल किया। माध्यमिक स्तर से प्रथम स्थान राजकुमार झारिया 50 में 50 अंक तथा द्वितीय स्थान वैष्णवी सोनी तथा धनराज अनंत 50 में 49 अंक हासिल किये। प्राथमिक वर्ग से चार बच्चे द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः रात्री सोनी, शेख हरून रजा, आवृत्ति व अक्षय सिंह राजपूत जगह बनाने में सफल रहें।

# झूठे वादों को लेकर असुरक्षा भाव से घिर चुकी कांग्रेस : विक्रम

## ढाई साल से युवा वर्ग बेरोजगारी भत्ते का कर रहे इंतजार

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सांसद प्रतिनिधि विक्रम ध्रुवे ने कहा कि जनता से किये गए झूठे वायदों को लेकर प्रदेश की कांगेस सरकार समस्त क्षेत्रों में असुरक्षा भाव से घिर चुकी ह जनता ने जिस वायदे को लेकर कांग्रेस को जनादेश दिया था, आज प्रदेश की जनता अपने निर्णय पर पछता रही है। किसान सहित प्रदेश का हर तबका कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की जनता की चिंता छोड़ कर अपनी कुर्सी बचाने की चिंता में लगे हुए हैं। जिसे कुछ दिन पूर्व प्रदेश की जनता के साथ पूरा देश देख चुका है। धुर्वे ने आगे कहा कि एक ओर जहां खेती के समय में किसानों को खाद की कमी से जुझना पड़ रहा है, सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहीं खुले बाजारों में खाद की कालाबाजारी जोरों से चल रही है। सांसद प्रतिनिधि ध्रुवे ने विज्ञप्ति के माध्यम से आगे कहा की ढ़ाई सालों में प्रदेश में विकास शून्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में जो विकास कार्य चल रहे हैं केन्द्र की योजनाओं के माध्यम से संचालित हो रहे हैं। उसे भी प्रदेश शासन सही तरीके से धरातल में फलीभूत करने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है किसी भी विभाग के अनियमितता की शिकायत पर भी शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही तक नहीं होती है। किसान से लेकर सभी वर्ग राज्य सरकार की गलत नीतियों से परेशान है। युवा वर्ग ढ़ाई सालों से बेरोजगारी भत्ते का इंतजार करते बैठे हैं। न तो उन्हे रोजगार मिला और न भत्ता मिल पाया है। शराब दुकानें बंद करने का वायदा कर नई शराब दुकानें खोल कर शासन अपना आर्थिक श्रोत बढ़ाने में लगी हुई है इससे भी एक कदम आगे बढ़कर प्रदेश सरकार एक काम बड़ी ही चतुराई से कर रही है। केन्द्र सरकार का रोना रोकर प्रदेश के किसानों व जनता को भ्रमित कर रही है। विक्रम ध्रुवे ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अलीगढ़ में कही बातों को सही ठहराते हुए कहा की भारत के इतिहास ऐसे राष्ट्रभक्तों से भरा पड़ा है जिन्हें इतिहास में उल्लेख ही नहीं किया गया। इसका भी श्रेय कांग्रेस के पूर्व शीर्ष नेतृत्व को जाता है। सांसद प्रतिनिधि ध्रुवे ने कहा कि कोरोना टीका पात्र लोगों को लगाने के उपलब्धि के साथ सही ढंग से संचालित करने पर डॉक्टर स्वास्थ्य कार्यकर्ता अन्य सभी की सराहना करने के साथ ही जो लोग कई तरह के संदेहों के कारण टीका नहीं लगवा रहे उन्हे कोविड टीका लगाने का अपील भी किया हैं।

# डीईओ के कार्यप्रणाली को लेकर अजाक्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संगठन अजाक्स संघ जिला कबीरधाम ने जिला शिक्षा अधिकारी कवर्धा के कार्यप्रणाली को लेकर विरोध दर्ज कराया है विदित हो कि पूर्व में भी विभिन्न कर्मचारी संगठन एवं डीईओ के मध्य तकरार की खबरें पूर्व में भी आती रही है। जिससे उनकी किरकिरी हुई थी। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संगठन अजाक्स के अध्यक्ष जिरधन नवरंग ने बताया कि उनका संघ 24 जुलाई 21 को डीईओ को एक ज्ञापन दिया था जिसमें मांग की गई थी अजाक्स के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने वाले शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही तथा कलिंद्ररी नागदौने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहसपुर लोहारा को सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदोन्नति का लाभ देने उक्त दोनों प्रकरण पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पर्यंत किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई और न ही संघ को यथोचित जवाब दिया गया है। जबकि मान्यता प्राप्त संगठन(संघ)के पत्रों का जवाब देना उनका दायित्व हैं जिला शिक्षा अधिकारी के उदासीनता से अजाक्स के पदाधिकारियों में असंतोष व्याप्त है। इस बाबत 14 /9/21 को अजाक्स संघ ने तत्काल कार्रवाई करने एवं डी ई ओ को निर्देशित करने का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपते हुए प्रतिलिपि सचिव छत्तीसगढ़ शासन ,सामान्य प्रशासन के सचिव, एससी एसटी ओबीसी विभाग सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग एवं प्रांताध्यक्ष रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया है ,उक्त जानकारी अजाक्स के जिलाध्यक्ष जिरधन नवरंग ने दिया है।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरूद्ध थाना खम्हरिया पुलिस की कार्यवाही, 3 किलो गांजा जब्त

**बेमेतरा।** थाना खम्हरिया पुलिस को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम पेण्ड्रीकला का नरसिंग चंद्राकर ग्राम दर्री मोड ग्राम ग्वारा में अवैध मादक पदार्थ गांजा अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी नरसिंग चंद्राकर पिता मोहित चंद्राकर उम्र 24 साल साकिन ग्राम पेण्ड्रीकला थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा के कब्जे से एक काले रंग के रेग्जीन के बैग में भरा 03 किलो ग्राम गांजा किमती करीबन 18,000/- रूपये को 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप. निरीक्षक नासिर खान, सउनि सुरेश सिंह, आर. नुरेश वर्मा, मनोज चतुर्वेदी, राजू यादव, बलदेव निषाद, गौकरण मण्डावी की सराहनीय भूमिका रही।

# पोंडी पुलिस चौकी प्रभारी ने नाबालिग गुमशुदा बालक का लगाया पता

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगदीश यू ईके के द्वारा क्राइम मीटिंग वा अन्य मीटिंग दौरान नाबालिक गुमशुदा बच्चों के अपराध जल्द निकाल वा पतासाजी करने के आदेश पर चौकी पोड़ी थाना बोड़ला के अपराध क्रमांक 217/21 धारा 363 भादवि के अपहृत बालक का चौकी पोड़ी द्वारा लगातार पतासाजी किया जा रहा था इसी दौरान 15 सितं. के उक्त बालक को परिजनों के समक्ष दस्तयाब सुमार किया गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मानसिंह राजपूत प्रधान आर 92 लवकेश खरे का सराहनीय योगदान रहा है। चौकी प्रभारी लगातार सक्रिय रहकर कार्य कर रहे है उनके द्वारा लगातार जुआ सट्टा अवैध शराब चोरी पे लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

### पोंड़ी चौकी का प्रभार संभाले 3 महीने में ही लगातार कार्यवाही

मान सिंह को प्रभार संभाले तीन महीने ही मात्र हुए है इन तीन महीनों में ही वो अन्य प्रभारी के मुकाबले रिकार्ड कार्यवाही कर चुके है,जुआ सट्टा, आबकारी, और चोरी के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रहे है इस कार्यवाही से पोंडी चौकी के आस पास आने वाले गाँव के आमजनों ने बताया कि निश्चित ही अब हमारे इलाकों में पूर्व के मुकाबले अभी राहत है मांन सिंह जी जब से प्रभार में है मात्र तीन महीने में ही ताबड़ तोड़ कार्यवाही से अपराधियों में खौफ है और अपराध में भी कमी आयी है जिससे लोगों में प्रभारी की सराहनीय कार्य की चर्चा है। मान सिंह ने कहा कि आगे भी लगातार कार्यवाही किया जाएगा समाज के लोगों में शांतिपूर्ण माहौल बनाया जाएगा हम लगातार प्रयास करते रहेंगे आप सब भी सहयोग करे।

# मंत्रराज अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर हुआ हवन और निकाली गई शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



हर्षण कुंज साजा में 5 सितंबर से चल रहे मंत्रराज अनुष्ठान की 14 सितंबर को पूर्णाहुति हुयी। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में हवन किया गया, संतों का पूजन हुआ, प्रसादी हुयी और अंत में शोभायात्रा निकाली गयी। आयोजन में पधारे संत भगवानों का पद प्रच्छालन किया गया, फूलमाला तथा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महंत वैष्णवदासजी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। अनुष्ठान में शामिल हुये 67 साधकों का श्रीफल से सम्मान किया गया। आयोजक बंधुओं को भी संतों ने आशीर्वाद दिया। प्रेम रामायण जयंती तथा अंजनीनंदन के जन्म की बधाईयॉ, भजन कीर्तन गाये गये। प्रसादी के बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर चित्रकूटधाम से पधारे संत सीता रमण दास ने कहा कि सद्गुरू भक्तों के हृदय में बैठकर उन्हें सन्मार्ग, सत्कर्म की प्रेरणा देते हैं। सच्चे सद्गुरू की आकांक्षा रहती है कि शिष्य का जीवनकाल प्रभुमय हो। संसार में अनेक लोग व्यवहार में गुरू दीक्षा ले लेते हैं परंतु उनका तिलक, तुलसीमाला, मंत्रजाप से वास्ता नहीं रहता जबकि ऐसा होना नहीं चाहिये। लगभग सवा चार करोड़ मंत्रराज का जाप होना असाधारण है भगवान से प्रार्थना है कि यह क्रम साजा में अनवरत जारी रहे। संत भगवान ने कहा कि मंत्रराज की यह विशेषता है कि यह साधक को छोड़ता नहीं है अपितु भगवान से जोड़े रखता है। हालांकि इस साधना में काफी शारीरिक परिश्रम होता है लेकिन भगवान हमें सामर्थ प्रदान करते हैं। मंत्रराज की विशेषता बताते हुये महाराज श्री ने कहा कि मंत्रराज के लिये ब्रह्माजी को भी भिक्षुक बनना पड़ा था। इस अवसर पर माधवदास, सोहनदास, रामचंद्रदास, नागाजी, बालसंत गोपालदासजी, रामप्रकाशदासजी, ज्योतिर्मयानंद जी सरस्वती सहित अनेक संत, महात्मा, श्रद्धालु उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बच्चों ने ओलिंपियाड में मारी बाजी

**कवर्धा।** विगत माह अगस्त में राज्य स्तर पर आयोजित विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी ओलिंपियाड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कवर्धा के बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कवर्धा के 17 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। हॉयर सेकेण्डरी स्तर में छह विद्यार्थी प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अनिल नाथ योगी, चुमेन्द्र साहू, रौनक धुर्वे, तेजस्वी चंद्रवंशी, संदीप चंद्रवंशी, तथा सुमन योगी है। इसी तरह द्वितीय स्थान अर्नव चंद्राकर, करूणा कश्यप, लिंकन कुर्रे, नोमेश्वरी चंद्राकर तथा समीश चंद्रवंशी है। हाई स्कूल स्तर से गजेन्द्र भारती 50 में 50 अंक हासिल किया। माध्यमिक स्तर से प्रथम स्थान राजकुमार झारिया 50 में 50 अंक तथा द्वितीय स्थान वैष्णवी सोनी तथा धनराज अनंत 50 में 49 अंक हासिल किये। प्राथमिक वर्ग से चार बच्चे द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः रात्री सोनी, शेख हरून रजा, आवृत्ति व अक्षय सिंह राजपूत जगह बनाने में सफल रहें।

## 2 विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** 1 कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत रेंगाखार तहसील के ग्राम समनापुर निवासी मुकेश की नाला में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त लालसिंह और ग्राम अंजना निवासी राम सिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त झुनिया बाई को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

## दीवार ढहने से मृतक के परिवार को 4 लाख रु. की सहायता राशि प्रदाय

**बेमेतरा।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम खेड़ा निवासी ईश्वरी यादव के परिजनों को 4 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज ग्राम खेड़ा पहुंचकर आरबीसी 6-4 में निहित प्रावधानों के तहत सहायता राशि का चेक ईश्वरी यादव के पिता तीरिथ यादव को सौंपा। बीती 15 सितम्बर की रात दीवार ढहने से एक वृध्द महिला एवं उनकी नातिन ईश्वरी यादव की आकस्मिक मौत हो गई। जिला प्रशासन की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए यह मदद पहुचाई गई।



## दावा आपत्ति आमंत्रित

**कवर्धा।** कलेक्टर कबीरधाम द्वारा ग्राम तिलईभाठ प.ह.न. 18 राजस्व निरीक्षक मंडल बिरेन्द्र नगर तहसील सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107 व 114 के नियम के अधीन नक्शा तथा खसरा तैयार कराया गया है।

इसके आधार पर प्रारंभिक प्रकाशन में प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् अधिकार अभिलेख, निस्तार पत्रक, रूढि पत्रक एवं अन्य सुसंगत अभिलेख तैयार किया जायेगा। नक्शा खसरा के संबंध में किसी संस्था, व्यक्ति को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर लिखित में आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति तहसील कार्यालय में दावा आपत्ति कर सकते है।

# नपा अध्यक्ष शर्मा ने जन्मदिवस पर हरीतिमा टीम के साथ किया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने अपने जन्मदिवस की शुरुवात हरीतिमा टीम के साथ वृक्षारोपण कर किया। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने हरितिमा टीम के साथ आज लोहारा मार्ग बिजली ऑफिस के बाजू में छायादार पौधा लगाकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। उन्होंने पौधा रोपण कर हरियाली का सन्देश दिया तथा हरितिमा टीम को अपने जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण हेतु बधाई व धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शहर को हरा भरा बनाने हेतु आपके टीम द्वारा बनाये गए कार्ययोजना को सफल बनाने हेतु पालिका टीम आप सभी के साथ रहेंगे। आप सभी के सहयोग से नगर पालिका टीम बड़े शहरों की तर्ज पर शहर के सभी मुख्य मार्ग में कदम, नीम व अन्य छायादार वृक्षारोपण कर शहर को हरा भरा बनाएंगे। वृक्षारोपण अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे, हरीतिमा टीम के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## भाजपा बेरला मंडल ने विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मनाया मोदी के जन्मदिन

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह सेवा व समपर्ण कल्याणकारी के रूप में पूरे भारतवर्ष में मना रही है। इसी कड़ी में बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला मंडल में कार्यकर्ताओं व नेताओं के द्वारा सर्वप्रथम प.दीनदयाल परिसर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में स्वच्छता अभियान चलाया अस्पताल में फल वितरण किया, भगवान विश्वकर्मा पूजा स्थल में जाकर सभी कार्यकर्ताओं ने आशिर्वाद लिया। प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के तहत टंकी व चूल्हा वितरण व टीकाकरण स्थल में जाकर लोगो की मदद किया गया अंत मे वृक्षारोपण किया गया। अवधेश चंदेल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन सेवा सप्ताह में अलग अलग दिन अलग कार्यक्रम किया जाएगा जिसमे मुख्यत मंडल के पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में जरूरत मंद को फल अनाज व सब्जी सूखा खाद्य पदार्थ वितरण,वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान किया जाएगा। इस अवसर पर - प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,महामंत्री डोमेन्द्र सिंह राजपूत,जिला पंचायत सदस्य पुष्पा साहू,नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत बेरला मानक चतुर्वेदी,शांति लाल जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लता वर्मा,पार्षद प्रतिनिधि संतोष साहू,जितेंद्र जैन,मीडिया प्रभारी नीरज राजपूत,सांसद प्रतिनिधि यतीश द्विवेदी उपस्थित थे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता को समान महत्व मिले

# बूथ कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत हैं आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबडा ने बेरला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन जिसमें बेमेतरा विधानसभा बूथ कमेटी का गठन किया गया के अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कांग्रेश के असली ताकत है इससे पूर्व कार्यकर्ताओं की शिकायत रहती थी की बूथ कमेटी का गठन चुनाव के पूर्व किया जाता रहा है जिससे कार्यकर्ताओं को मेहनत करने का अवसर कम मिलता था इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी विधानसभा वार बूथ कमेटियों का गठन किया जा रहा है जिससे कार्यकर्ताओं को मेहनत करने का अवसर मिले कार्यकर्ताओं की इच्छा अनुरूप ग्राम में विकास कार्य तय किए जा सके तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को समान महत्व मिले इस बात को ध्यान में रखकर बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है विधायक आशीष छाबडा ने कहा कि आज बूथ कमेटी गठन के अवसर पर बेमेतरा जिले के प्रभारी बड़े भैया जितेंद्र साहू जी उपस्थित है जो प्रत्येक कार्यकर्ताओं को करीब से जानते हैं सबके सुख दुख में शामिल होते हैं ऐसे में उनके अनुभव का लाभ भी बूथ कमेटी कार्यकर्ताओं को मिलेगा साथ विधायक आशीष छाबड़ाने कहा कि जो काम कांग्रेस सरकार ने ढाई वर्षो में किया है वह काम भाजपा सरकार ने 15 वर्षों में भी नहीं किया था आज भाजपा के पास सरकार को घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा इस कारण से भाजपा नेता अनरगल प्रलाप करते हैं इस अवसर पर जितेन साहू संगठन प्रभारी जिला बेमेतरा बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अवनीष राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा हीरा देवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत, रामेस्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला, लूकेष वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस6 कमेटी बेरला,रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, नवाज मोहम्मद खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला ममता वर्मा अध्यक्ष सरपंच संघ बेरला,विजय पारख, टी आर जनार्दन,नेतराम निषाद, भीखम साहू, मौजीराम साहू तखत राम साहू, इंदरचंद जैन, चंद्रविजय धीवर, राजेश दुबे, भारत पटेल, कुमुद साहू, चंदू यादव, खेलन यादव, प्रवीण शर्मा, सूर्यप्रकाश शर्मा, तोरण नायक, तुम्मन साहू, सहदेव साहू, योगेश साहू, किशन साहू, सुनील जैन, अजय ठाकुर, रामखिलावन साहू, रामखिलावन परगनिहा,मन्नू निषाद, रामकिशून साहू, राजा साहू, फत्ते पटेल, अविनाश साहू, रामाधार देवागन, रवि परगनिहा, शिध्दिक खान, प्रमोद गौसेवक, बीरेंद्र, भारत तिवारी, सुदर्शन साहू, चेतन बंजारे, जीवन साहू, मोहित साहू, राजा साहू , अर्जुन देवांगन, लोकनाथ यादव, शंकर साहू, डोमनदास, दिवाकर साहू, अरुण परगनिया, राकेश नायक, केशव नायक, घसीयाराम साहू, तारण निर्मलकर, छगन साहू, गोरेलाल साहू, साधु राम साहू, संजू वर्मा, भगत परगनिहा, नेहा सुराना, सविता हिरवानी, अर्चना परघनिहा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# एसआरआई स्कूल, कुम्हारी में इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता



**कुम्हारी।** एस.आर.आई स्कूल, कुम्हारी ने स्कूल परिसर में ऑफलाइन इंटर-स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, एक ऐसा कार्यक्रम जिसका उद्देश्य युवा छात्रों को उनके सामान्य ज्ञान को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता के प्रतिभागी मानसरोवर विद्यालय (जंजगिरी), विचक्षण जैन विद्यापीठ (कुम्हारी) और एस.आर.आई स्कूल से थे। तीनों स्कूलों में से, 'एस आर आई स्कूल' पहले स्थान पर रहा और विजेताओं 'सोमेश्वर वर्मा (दसवीं कक्षा), पीयूष साहू (दसवीं कक्षा), और वैभव वर्मा (कक्षा IX)' को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। उपविजेता स्कूलों को भी उपविजेता पुरस्कार और रनर्स अप प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और हमेशा की तरह भागीदारी की भावना रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिन शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की थी वे हैं। पलक जायसवाल, शहनूर, देव शरण साहू, प्रियंका शर्मा, अंकित खेत्रपाल एम मोहिनी, श्रद्धा राठौर, आर. माधुरी, बैजनाथ गुप्ता और एस.आर.आई स्कूल की पूरी टीम। आरती मिश्रा, प्रिंसिपल एस.आर.आई स्कूल ने प्रेरक भाषण के साथ प्रतिभागियों को बधाई दी। राजीव माथुर आईपीएस (सेवानिवृत्त) प्रो चांसलर, एसआरयू, ने छात्रों और एस.आर.आई स्कूल की पूरी टीम को बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### वाराणसी में आयोजित बैठक में भाग लेने रवाना हुई कमला पाटले

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय



कार्यसमिति की बैठक उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में 18 एवं 19 सितंबर को आयोजित की गई है, तथा इस बैठक में शामिल होने के लिए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा सांसद कमला देवी पाटले 16 सितंबर को जांजगीर से वाराणसी के लिए रवाना हुई तथा पाटले दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा चलाए जा रहे सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगी तथा अपने वाराणसी प्रवास के दौरान कमला देवी पाटले भारतीय जनता पार्टी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी करेंगी।

### चायनीज कंपनी ने रायगढ़ के व्यक्ति से ठग लिए 65 लाख

**रायगढ़।** फर्जी मेल के जरिए धोखाधड़ी करने के मामले में चक्रधर नगर पुलिस ने एक चायनीज कंपनी के खिलाफ एफआईआर पंजीबद्ध कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 सितंबर को थाना चक्रधरनगर में सुमित मिश्रा पिता स्व सतीश चंद्र मिश्रा उम्र 28 वर्ष चक्रधरपुर हालमुकाम बंगुरसिंया द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि चक्रधरपुर में आर्या मेटालर्जिकल्स इंडिया प्रा. लि. कम्पनी है, वर्ष 2012 से कम्पनी का संचालन कर रहा है। इनकी कम्पनी चायनीज कम्पनी मार्वल इंटरनेशनल से फरवरी 2021 में सामान खरीदी की थी जिसका भुगतान डालर में 80953.43 करना था, चायनीज कम्पनी से इस बिल के भुगतान के संदर्भ में इन्हें मेल प्राप्त हुआ। मेल के अनुसार दिये गये खाता विवरण पर 30 अगस्त को आईसीआईसीआई रायगढ ब्रांच से भुगतान किया है।

# बैंगन की खेती से जिले के कृषक उदय लाल सोनकर समृद्धि की ओर हो रहा है अग्रसर



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के नगर पालिका मुंगेली के जवाहर वार्ड क्रमांक 11 के कृषक उदय लाल सोनकर लगभग 0.500 हेक्टेयर भूमि पर बैंगन की खेती कर प्रतिवर्ष एक से डेढ़ लाख रूपये तक की आमदनी अर्जित कर रहा है। इससे वे समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। श्री सोनकर ने बताया कि पहले उनके द्वारा सिर्फ धान की खेती की जाती थी। जिससे उन्हे बहुत ही कम लाभ होता था। जिसके फ्लस्वरूप परिवार चलाने में उन्ह कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इस कठिनाई को दूर करने के लिए उनके द्वारा रबी सीजन में सब्जी की खेती करना प्रारंभ किया। नगर पालिका क्षेत्र होने के कारण उनके सब्जी की खपत होने लगी। इसी दौरान उनके सब्जी की खेती को देखकर उद्यान विभाग द्वारा उन्हे प्रोत्साहित कर उद्यान विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। जिसके फ्लस्वरूप वह अपने प्लाट में आधुनिक तकनीक जैसे ड्रिप सिस्टम, मल्चिंग शीट आदि अनुदान में प्राप्त कर बैंगन की खेती प्रारंभ किया। जिससे उसे लगभग 50 हजार से एक लाख की आमदनी प्राप्त हुई। इसके उपरांत उन्होने उद्यान विभाग की सब्जी क्षेत्र विस्तार अंतर्गत लगभग 0.500 हेक्टेयर उन्नत प्रजाति की बैंगन की खेती की। जिससे उसे प्रति वर्ष एक लाख से डेढ़ लाख रूपये की आमदनी प्राप्त हो रही है। जिससे वे उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे है।

### स्वच्छता पखवाड़ा 1-15 सितंबर पर विविध कार्यक्रम हायर सेकंडरी स्कूल डौंड़ गाँव में सम्पन्न



**मुंगेली।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त पत्रानुसार 2021 के गतिविधि कैलेंडर के अनुरुप प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग के समस्त स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में हमारे विद्यालय में दैनिक गतिविधि जिनमें हाथ धुलाई दिवस, स्वच्छता शपथ , दिव्यांग बच्चों के पेयजल , शौचालय व सुविधा , कोरोना , प्लास्टिक कचरा प्रदूषण, जल सरंक्षण , साफ- सफाई , वृक्षारोपण , आदि विषयों पर गोष्ठि व विमर्श चर्चा परिचर्चा की गई । विविध कार्य मों में का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला प्रथम संजना द्वितीय-मोनिका पात्रे तृतीय -नम्रता निबंध लेखन- प्रथम - प्रियंका दिवाकर द्वितीय शालनी घोसले तृतीय -लक्ष्मी कुर्रे, नारा लेखन प्रथम - सिम्मी भार्गव द्वितीय-रीमा रानी तृतीय -मधुबाला बघेल आदि रहे। इस कार्यक्रम में प्राचार्य बी पी पाली, एस एस पोर्ते, एल के खांडे एम आर चंद्राकर, शैलेन्द्र रात्रे पी के बंजारे, पवित्र कुमार व कार्यक्रम प्रभारी शैलेश कुर्रे समुचित स्टाफका सहयोग रहा।

# एनएच 49 रेंगालपाली रोड में सड़क हादसा



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ को ओडिसा से जोड़ने वाली एनएच 49 रेंगालपाली रोड में गुरूवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कार्पियो की ठोकर से बाईक सवार युवक-युवती की मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि रेंगालपाली के पास हुआ यह हादसा इतना जबर्दस्त था कि स्कार्पियो वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि स्कार्पियो से टकराने वाले बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में घायल युवती को अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद स्कार्पियों चालक मौके से भागा जिसे ग्रामीण युवकों ने नेतनागर के पास धर दबोचा है। पूरे घटना की जानकारी जुट मिल पुलिस को दी गई है। पुलिस के घटना स्थल पर पहुंचने के बाद दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस को मृतक का शव कई घंटे तक उठाने नही दिया है। इस दौरान मौके पर आसपास गांव के दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति रही और रोड जाम की स्थिति निर्मित होते देखी गई। वहीं घायल युवती को पुलिस ने 108 वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जिसकी रास्ते में ही मृत्यु हो गई। दोनों मृतक ग्राम नेतनागर के रहने वाले है। वही दुर्घटना कारित वाहन बृजराजनगर की बताई जा रही है।

# बारिश के कारण पूरा नहीं बन सका सराईपाली-आमापाली रोड

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 5 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से निर्मित सराईपाली से आमापाली रोड़ के जर्जर होनें के संबंध में पिछले दिनों एक दैनिक अखबार में सड़क के गडढों से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी, प्रशासन नही है गंभीर हेडिंग से प्रकाशित खबर पर वस्तुस्थिति बताते हुए कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसव्हाई रायगढ़ व्ही.के. मिंज ने हमारे संवाददाता को बताया कि 13.62 किलोमीटर की यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना फेज 3 के तहत सराईपाली से आमापाली रोड के रूप में उन्नयन कार्य हेतु स्वीकृत है। इस सड़क की शुरूआत में 16 मीटर के पेच में



नवदुर्गा फ्यूल प्रा. लि. सहित कई और उद्योग संचालित है जिसके कारण इस सड़क पर हर समय भारी वाहन का आवागमन रहता है। शुरूआत की करीब डेढ़ किलोमीटर दूर की यह सड़क उच्च भार क्षमता हेतु स्वीकृति के लिए हेड आफिस भेजा गया है और वहां से स्वीकृति नही मिलने के कारण अब तक इतनी दूरी का निर्माण कार्य रूका हुआ है। बारिश के चलते भी निर्माण कार्य पूर्ण नही हो सका है। इसके अलावा इस मार्ग पर आगे राबो डेम की ओर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा समर्पण कार्यक्रम का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा ही समर्पण अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजपा नगर मंडल शक्ति ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में स्वच्छता अभियान का आगाज कर किया, तथा इस दौरान नगर मंडल शक्ति की ओर से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया, तो वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर स्थित नवनिर्मित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण कर उनका स्वास्थ्य हालचाल जाना गया, तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल शक्ति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सेवा गतिविधियां होनी है, जिसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर लोगों को जहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे तो वही टीकाकरण को



लेकर भी जागरूक करेंगे तथा भाजपा नगर मंडल शक्ति द्वारा 17 सितंबर को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा शक्ति नगर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल,भाजपा जिला मंत्री संजय रामचंद्र, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता, नगर मंडल शक्ति के कार्यक्रम प्रभारी मांगेराम अग्रवाल, भाजपा नगर मंडल महामंत्री रामनरेश यादव, उपाध्यक्ष गोविंद देवांगन, भाजयुमो शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर,भाजपा स्वच्छता विभाग जांजगीर चांपा जिला संयोजक दीपक गुप्ता,भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जांजगीर-चांपा जिला संयोजक एवं पूर्व एल्डरमैन रंजन सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्री कसेरा, महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य अनीता गोपाल यादव,गोविंदा निराला, विशाल महाराणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सत्येंद्रनाथ सोनी, संतोष देवांगन, नगर पालिका शक्ति के नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव, पूर्व पार्षद मनोज सोनी सहित काफी संख्या में भाजपा नगर मंडल एवं विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के पश्चात कसेर पारा स्थित नवजीवन मुक बधिर स्कूल में पहुंचकर मूक-बधिर बच्चों को भी फल एवं बिस्किट का वितरण किया तथा उनका हालचाल जाना इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के सभी 26 मंडलों में भी 17 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा समर्पण अभियान का शुभारंभ हो गया है। तथा सभी मंडलों में एवं बूथ स्तर पर विभिन्न प्रकार के सेवा एवं रचनात्मक कार्य किए जाएंगे तथा भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के मार्गदर्शन में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठओं विभागों के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### अमानक पाये जाने पर एसएसपी जिंक बैच नम्बर जेडएसएसपी-31 प्रतिबंध

**मुंगेली।** कृषि विभाग के उपसंचालक एवं अनुज्ञप्ति अधिकारी डी.के. ब्योहार ने आज यहां बताया कि उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लाभाण्डी रायपुर से प्राप्त गुण नियंत्रण परिणाम अनुसार अमानक पाये जाने पर एस. एस. पी. जिंक बैच नम्बर जेडएसएसपी-31 का जिले में भण्डारण, वितरण तथा प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि एस एस पी जिंक बैच नम्बर जेडएसएसपी-31 का निर्माता कम्पनी बी. ई. सी. फर्टिलाइजर बिलासपुर है। एसएसपी जिंक बैच नम्बर जेडएसएसपी-31 है। इसका नमूना मेसर्स विष्णु खाद भंडार विकासखंड पथरिया में किया गया था। जिसका नमूना लेकर गुण नियंत्रण प्रयोग शाला लाभाण्डी भेजा गया था।

# छ.ग. संयुक्त अनियमित/संविदा कर्मचारियों ने हड़ताल का ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती के एन.एच.एम. स्टाफ 17 एवं 18 सितंबर को (सामुहिक हड़ताल) अवकाश पर रहने की सूचना बी.एम.ओ. सक्ती को दी गई। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ अपनी नियमितीकरण मांगों के संबंध निरंतर शासन प्रशासन को अवगत करा रही है, जो की उनकी जन घोषणा के बिंदु क्रमांक-11 अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को रिक्त पदों में नियमितीकरण की कार्यवाही की जाएगी एवं किसी की भी छटनी नहीं की जाएगी तथा बिंदु क्रमांक-30 राज्य सरकार की नौकरियों में आउटसोर्सिंग बंद होगी, शासकीय विभागों के एक लाख रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा उल्लेखित है,किंतु वर्तमान परिदृश्य में जन घोषणा पत्र के प्रतिकूल कई विभागों में सीधी भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की जा रही है जैसे स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, राजस्व, सहकारिता आदि विभाग शामिल है। उन रिक्त पदों पर कार्यरत अनियमित कर्मचारियों का समायोजन कर प्राथमिकता के आधार पर नियमितीकरण की कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे अनियमित कर्मचारियों में



नियमितीकरण से वंचित एवं छटनी की स्थिति निर्मित हो गई है। लंबे समय से अनियमित कर्मचारियों की वेतन वृद्धि भी नहीं हुई है जिससे अनियमित कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है एवं महासंघ इस प्रकार से हो रही सीधी भर्ती का पुरजोर विरोध करती है,अतः प्रांतीय आह्वान पर वादा के सुरता म नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, एवं छटनी रोको 03 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 17 एवं 18 सितंबर 2021 को आयोजित प्रांतब्यापी हड़ताल रायपुर में समस्त अनियमित अधिकारी/कर्मचारी सर्व विभाग के समस्त कार्यालयों में कार्यरत अनियमित संविदा कर्मचारी दो दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे।

# पूर्व पार्षद ने फिर उठाया निगम के टैक्स का मुद्दा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

> ■ कहा- महापौर- सभापति का विवाद सुलझ गया हो तो राजस्व बढ़ाने की हो चर्चा

पूर्व पार्षद और जिला भाजपा उपाध्यक्ष आशीष ताम्रकार ने नगर निगम में महापौर तथा सभापति के बीच वर्चस्व को लेकर छिड़ी जंग को शहर विकास के लिए खतरा निरूपित करते हुए कहा है कि अगर दोनों जनप्रतिनिधियों का विवाद सुलट गया हो तो जरा जनहित में भी ध्यान दें। वहीं, निगम के खजाने को भरने को प्राथमिकता देने की बजाए जिंदल से करोड़ों की आय लेने के निर्णय में लेटलतीफी भी लोगो को हजम नहीं हो रही है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष ताम्रकार ने कहा कि दो साल के निगम की कांग्रेस की सरकार शहर विकास में पूरी तरह विफल है। अपने इस कार्यकाल में एक भी ऐसा उपलब्धि नहीं जिससे जनता निष्पक्ष भाव से प्रभावित हो। पहला वर्ष तो पिछले सरकार में हुए टेंडर के कार्यो को भूमि पूजन में निकल गया तो दूसरा साल आपस के वर्चस्व के झगड़े में। जनता अब कांग्रेस को निगम में बहुमत देकर ठगा महसूस कर रही है। निगम में शहर विकास के लिए राशि का अभाव है। ऐसे में आम जनता से टैक्स लेने शक्ति दिखाने वाली निगम आखिर जिंदल के टैक्स वसूली में देर करने में इतनी मेहरबान क्यो है? एक अरब रुपये की राशि का सम्पत्ति कर जिंदल कम्पनी से निगम को लेनी है जिससे निगम के राजस्व में काफी ब?ोतरी होगी। सम्पत्ति कर प्रति वर्ष लगभग 15 करोड़ रुपये से अब तक का बकाया तकरीबन एक अरब रुपये लेना बकाया है। न्यायालय ने भी जिंदल कम्पनी के कर में छूट के आग्रह को स्वीकार न करते हुये कहा है कि निगम इस पर पुनः विचार करे। मतलब अब गेंद निगम के पाले में है और निगम की सामान्य सभा मे फिर अहम निर्णय लेना है। इतने महत्वपूर्ण विषय में निगम की कांग्रेस सरकार उदासीन है या कम्पनी के प्रति प्रेम जो परिषद का जल्द बैठक बुलाकर इस पर निर्णय ले। ज्ञात हो कि भाजपा महापौर महेंद्र चौहथा के कार्यकाल के दौरान जब जिंदल कम्पनी निगम के दायरे में आई, तब से टैक्स बकाया है। तत्कालिक समय में मैं राजस्व प्रभारी था। मेरे द्वारा आयुक्त और राजस्व विभाग को यह निर्देश दिया गया था कि आम नागरिक की तरह ही जिंदल से सम्प्पत्ति कर लें और उन्हें निगम द्वारा इस बाबत बकायदा नोटिस भी दिया गया, तब से कम्पनी न्यूनतम राशि निगम में जमा कर मामला माननीय न्यायालय के समक्ष ले गई।

# जहर सेवन से मौत मामले में 4 पर एफआईआर

> ■ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बरमकेला तहसील कार्यालय के समीप ग्रामीण द्वारा जहर सेवन करने के चर्चित मामले में मर्ग जांच उपरांत बरमकेला पुलिस ने 15 सितंबर को ग्रामीण को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले चार लोगों पर नामजद एफआईआर किया गया है। बरमकेला पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को बैरागी मिरी पिता भोजराम मिरी उम्र 44 वर्ष साकिन ग्राम कटंगपाली (अ) थाना सरिया बरमकेला तहसील के पास जहर सेवन कर लिया था जिसे ईलाज के लिये बरमकेला अस्पताल ले जाया गया, बैरागी मिरी की स्थिति को देखते हुए उसे रायगढ रिफर किया गया, रास्ते में ही बैरागी मिरी की मौत हो गई। थाना कोतवाली में शव पंचनामा कार्यवाही कर बिना नम्बरी मर्ग कायम किया गया जो अग्रिम जांच के लिये थाना बरमकेला को प्राप्त हुआ। जांच पर मृतक की पत्नी, पुत्र एवं गवाहों का कथन लिया गया जिसमें पाया गया कि मृतक बैरागी मिरी के पिता के नाम पर मेन रोड में करीब 02 एकड जमीन है। बैरागी मिरी के पिता के मृत्यु के पश्चात मृतक फौती कटवाना चाहता था। गांव का भुवनेश्वर खुटे जो वार्ड का पंच है, एक दिन मृतक के घर आया और बोला की मैं फौती तहसीलदार से कटवा दूंगा, इसके लिये 05 लाख रूपये लगेगा। भुवनेश्वर के साथ गांव के धनसिह मिरी, शिवमंगल लहरे भी आये थे। मृतक अपने परिवार के माधव मिरी से 05 लाख रू. उधारी लेकर भुवनेश्वर खुंटे, धनसिंग मिरी एवं शिवमंगल लहरे को दिया। तीनों पैसा ले लिये और फौती भी नहीं कटवाये। जिससे बैरागी मिरी परेशान था। 02 अगस्त को तहसील कार्यालय बरमकेला में बैरागी मिरी लिखापढी करने के पहले भुवनेश्वर खुंटे, धनसिह मिरी से मेरा पैसा कब वापस करोगे पूछा तो माधव मिरी, भुवनेश्वर खुटे ,धनसिह मिरी द्वारा विवाद करने लगे जिससे प्रताडित होकर अपने पास रखे कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया। मर्ग जांच पर बैरागी मिरी को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपी माधव मिरी पिता शौकीलाल मिरी 45 साल, भुवनेश्वर खुंटे प्यारीलाल खुंटे उम्र 51 वर्ष, धनसिंह मिरी पिता मुकुतराम मिरी उम्र 51 वर्ष , शिवमंगल लहरे पिता प्रहलाद लहरे उम्र 26 वर्ष सभी निवासी ग्राम कटंगपाली अ थाना सरिया पर धारा 306, 34 दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# सामूहिक हड़ताल एवं अवकाश कि सूचना देने तहसीलदार एवं सीईओ को दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ 17 एवं 18 सितंबर को रायपुर पहुंचकर करेगी सामूहिक हड़ताल एवं दो दिवस तक अवकाश पर रहेंगे, इसी आशय का ज्ञापन देने के लिए संघ के पदाधिकारियों सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती की अनुपस्थिति में तहसीलदार श्री डनसेना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डी एस यादव को ज्ञापन दिया ज्ञात हो कि इससे पहले महासंघ के सक्ती इकाई के द्वारा हड़ताल को सफल बनाने बैठक ली गई थी, छत्तीसगढ़ में भाजपा एवं कांग्रेस की सरकार के द्वारा लगातार आश्वासन देने के बाद भी अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण नहीं होने पर आक्रोशित छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ अपने मांग को पूर्ण कराने के लिए आर पार की लड़ाई के मूड में दिखाई दे रही है इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर 17 एवं 18 सितंबर 2021 को सामूहिक हड़ताल अवकाश पर रहने एवं रायपुर में होने वाले हड़ताल को सफल बनाने के लिए जनपद पंचायत के सभागार में जहां पिछले दिनों एक आवश्यक बैठक ली गई जिसमें अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ इकाई सक्ती पीयूष पांडेय ने हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ अपनी नियमितीकरण मांगों के संबंध में निरंतर शासन प्रशासन को अवगत करा रही है जो की जन घोषणा के बिंदु क्रमांक 11 अनियमित संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को रिक्त पदों में नियमितीकरण की कार्यवाही की जाएगी एवं किसी की भी छटनी नहीं की जाएगी तथा बिंदु क्रमांक 30 राज्य सरकार की नौकरियों में आउटसोर्सिंग बंद होगी शासकीय विभागों के 1 लाख रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा उल्लेखित है लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जन घोषणा पत्र के प्रतिकूल कई विभागों में सीधी भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की जा रही है जैसे स्वास्थ्य, विद्युत, उच्च शिक्षा, सहकारिता, राजस्व एवं कनिष्ठ सेवा चयन बोर्ड बस्तर आदि विभाग शामिल है उक्त रिक्त पदों पर कार्यरत अनियमित कर्मचारियों का समायोजन कर प्राथमिकता के आधार पर नियमितीकरण की कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे अनियमित कर्मचारियों में नियमितीकरण से वंचित एवं छटनी की स्थिति निर्मित हो गई है लंबे समय से अनियमित कर्मचारियों का वेतन वृद्धि नहीं किया गया है वहीं संविदा पुनरीक्षित वेतनमान 1 जुलाई 2021 भी अप्राप्त है।

# नवधा चौक में दिनदहाड़े हुई 178000 की उठाईगिरी

> ■ 15 सितंबर को अज्ञात लोगों ने मयंक मोबाइल में आए चांपा के व्यापारी के झोले से पार किए नगद रकम

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के व्यस्ततम एवं हृदय स्थल नवधा चौक में स्थित मयंक मोबाइल से अज्ञात लोगों ने 15 सितंबर की शाम करीब 3.30 बजे चांपा से आए एक मोबाइल व्यापारी के थैले में रखे लगभग 178000/- की उठाई गिरी कर फरार हो गए तथा पूरी घटना मयंक मोबाइल में लगे सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हो गई है, जिस पर पीड़ित व्यक्ति द्वारा 16 सितंबर को पुलिस थाने सक्ती में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर शक्ति पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तफ्तीश में जुटी हुई है, मामले की जानकारी इस प्रकार है, राम नरेश कश्यप पिता स्व. नेतराम कश्यप उम्र 38 वर्ष साकीन पकरिया झूलन ग्राम-मूलमुला हाल मुकाम- चांपा, थाना-चांपा जो कि प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में केमिस्ट के पद पर पदस्थ है, एवं पार्ट टाइम घूम- घूम कर आसपास के क्षेत्र में मोबाइल दुकानों में मोबाइल का ऑर्डर लेकर डिलीवरी का कार्य करता है, तथा रामनरेश ने 16 सितंबर को शक्ति थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 15 सितंबर को शक्ति के मयंक मोबाइल दुकान में मोबाइल वितरण करने आया हुआ था, तथा उसने मोबाइल विक्रय कर मयंक मोबाइल के मालिक मयंक क्षत्रिय के द्वारा दिए गए । 178000/- का पेमेंट प्राप्त किया, जिसको उसने दुकान के अंदर में स्थित टेबल में बैठकर राशि को गिना एवं बैग में भरकर उसके चैन



को बंद कर दिया एवं बैक को वही बगल में टेबल पर रखकर विक्रय किए गए मोबाइल का हिसाब किताब मोबाइल से व्हाट्सएप पर भेज रहा था, उसी समय तकरीबन 3.30 में अज्ञात चोर द्वारा उसके बैग के अंदर रखे उक्त रकम को बैग से निकाल कर ले गया एवं कुछ समय बाद मेरे बैग को मैन देखा तो मेरे बैग का चैन खुला हुआ था एवं बैग के अंदर रखें उक्त रकम 178000 नहीं थे, दुकान से बाहर निकल कर देखा तो दो लोग मुझे देखकर भागने लगे, तब मैं एवं दुकान के कर्मचारी उसको गली में दौड़ाए है, किंतु चोर नहीं मिला एवं वह भाग गया उन दोनों का आसपास पतासाजी किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चला, शक्ति पुलिस ने 16 सितंबर को दोपहर 12.10 बजे प्रार्थी द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक-295 भादवि की धारा 379 लगाकर मामला विवेचना में लिया है,एवं मामले की गंभीरता को देखते हुए शक्ति पुलिस थाना प्रभारी रूपक शर्मा सहित पूरी टीम तफ्तीश में जुटी हुई है, एवं मयंक मोबाइल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी में तत्परता के साथ जुटी हुई है।

# बंजारी मंदिर की धरा ग्राम जुंगेरा में आयोजित विश्वकर्मा जंयती एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सूबे के मुखिया भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल






पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को बंजारी मंदिर की धरा ग्राम जूंगेरा में आयोजित विश्वकर्मा जंयती एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सूबे के मुखिया भूपेश बघेल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। बंजारी मंदिर की धरा में आने वाले भूपेश बघेल पहले मुख्यमंत्री हैं। वही बीते ढाई साल में भूपेश बघेल का बालोद जिले में नवमी बार आगमन हुआ हैं। जिसे लेकर समाज के पदाधिकारी सहित क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह नजर आया। सीएम भूपेश बघेल के आगमन के पश्चात हैलीपेड में सीएम भूपेश बघेल का विश्वकर्मा समाज के प्रदेशाध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा, स्थानीय विधायक संगीता सिन्हा, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिसके बाद सीएम ने समाज द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण कर विश्वकर्मा भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की। मंच में आगमन के पश्चात सीएम ने कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी लोगो का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान मंच में विश्वकर्मा समाज के प्रदेशाध्यक्ष लोचन विश्वकर्मा, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, स्थानीय विधायक संगीता सिन्हा, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, खनिज न्यास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, संजारी बालोद के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, एसपी सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव सहित जिला संगठन कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

**जब से कांग्रेस सरकार में आई तब लगा छत्तीसगढ़ी सरकार आई- भूपेश बघेल**

सीएम भूपेश बघेल ने मंच से संबोधित करते हुए और एक वाक्या बताते हुए कहा कि बहुत पहले की बात है चंदूलाल चंद्रकार जी दिल्ली से जब वापस आये तब मुझे बोले की बहुत दिन हुआ दिल्ली नही आये। मैं बोला बाबा यात्रा के लिए पैसा लगेगा। तब चंदूलाल चंद्रकार ने कहा घूमने के लिए पैसा नही हुनर की जरूरत होती है। यही बात लोहार समाज की जिनके पास हुनर बहुत है। श्री बघेल में कहा कि अब आधुनिक युग है। जहां हर काम मशीन से हो रहा है। आज सबसे बड़ी बात मोची बाटा हो गया और लोहार टाटा हो गए है। लोहार समाज ने कहा प्रशिक्षण की जरूरत है। छोटे-छोटे नट बोल्ट बनाने का काम कर सकते है। आधुनिक युग के साथ ट्रेनिग देना है। लोहार शिल्प बोर्ड इसीलिए बनाया गया है ताकि सब लोहार भाइयों को विकास हो सके। समाज के लोग यह तय करे कि किसको बोर्ड में अध्यक्ष बनाना है। सब एक हों जाओ। हम गठन कर देंगे। समाज के लोग एक नही हो पा रहे हो इसीलिए अब तक गठन रुका है। श्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के पुरखा मन जो सपना देखे थे कि छत्तीसगढ़ राज्य बनेगा तो विकास होगा। मगर 18 साल में कुछ नही हुआ। जब से कांग्रेस सरकार में आई तब लगा छत्तीसगढ़ी सरकार आई।

**मजबूत छत्तीसगढ़ बने ये हमारी सरकार कर रही है : भूपेश बघेल**

सीएम भूपेश बघेल ने आगे संबोधन करते हुए कहा कि पानी गिरे मत गिरे सरकार किसानो को 9 हजार देगी। कांकेर और कोरबा में लाख की खेती बहुत होती है। हमने कोदो कुटकी को भी किसानी का दर्जा दिया गया है। सभी के लिए योजना बनाये है। 52 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी हो रही है। कोंडागांव में तिखुर का प्लांट लगा है वो विदेश में वियतनाम में जा रहा है। हर समाज को कांग्रेस ने प्राथमिकता दिया है। सभी समाज के लोगो को ट्रेनिगं देकर उनका उत्पादन कलेक्टर के माध्यम से बेचा जाएगा। सीएम भूपेश ने तंज कसते हुए कहा कि बाबा रामदेव ही थोड़ी हर समान बेचेंगे। अब छत्तीसगढ़ का हर वर्ग हर उत्पाद बेचेगा। श्री बघेल ने आगे कहा कि पुरखा का सपना की गरीब से गरीब आदमी के हाथ मे काम हो ये सपना पूरा करना है। स्वामी आत्मानंद स्कूल खोला गया। ताकि सभी लोग अंग्रेजी बोल सके। छत्तीसगढ़ में सरकार कुपोषण और महतारी व स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है। मजबूत छत्तीसगढ़ बने ये सरकार कर रही है। सभी समाज ने मिलकर कोरोना में काम किया है। आगे भी सभी को एक जुट हो के काम करना है। छत्तीसगढ़ सरकार गोबर बेच सकती है खरीद सकती है तो सभी चीजों को खरीदी बिक्री कर सकते है। सभी समाज को भवन बनाने 10 प्रतिशत कम में जगह मिलेगी। लोहार समाज को भी जगह मिलेगी। उसके बाद समाज को भवन बनाने सरकार पैसा देगी। संबोधन के पश्चात श्री बघेल ने स्थानीय विधायक संगीता सिन्हा की मांग पर जुंगेरा के पंचायत में 15 लाख की लागत से सामाजिक भवन, पानी टंकी की मांग, विद्युत विस्तार की मांग पूरी करने की बात कही।

**'श्रीमद्भागवत कथा वचन कार्यक्रम' में हुए शामिल**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्राम जुंगेरा के कार्यक्रम के बाद डौंडीलोहारा पहुंचे। जहां स्थानीय विधायक एवं मंत्री अनिला भेड़िया के निवास में आयोजित 'श्रीमद्भागवत कथा वचन कार्य म' में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने कथावाचक का स्वागत किया। वहीं उनका आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल काफी देर तक बैठ कर भागवत प्रवचन सुनते रहे। वही उन्होंने भजन भी गुनगुनाया। इस दौरान उनके साथ मंत्री अनिला भेंड़िया, मंत्री शिव डहरिया, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा मौजूद रही।

## अदाणी फाउंडेशन के प्रयास कोचिंग से तिल्दा क्षेत्र के युवक कर सकेंगे डिफेन्स की तैयारी



**रायपुर।** रक्षा के क्षेत्र में करियर देश में सबसे प्रतिष्ठित एवं सम्मानित करियर में से एक माना जाता है। ऐसे युवा जो उत्साह, साहस एवं चुनौतियों से भरे क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उनको सही रास्ता दिखाने का बीड़ा उठाया है अदाणी फाउंडेशन ने। इसी मुहिम के तहत तिल्दा ब्लॉक में प्रयास कोचिंग केंद्र शुरू किया गया है जो पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों (सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी) की भर्ती परीक्षा में सफल होने को होने का गुर सिखाती है। खास बात यह है कि प्रयास कोचिंग केंद्र में लिखित व शारीरिक परीक्षा की निःशुल्क तैयारी करायी जा रही है। रायपुर एनर्जेन लिमिटेड (आरईएल) के आसपास के गांव के शिक्षित युवाओं को रोजगार देने वाली परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से शुरू किये गए प्रयास कोचिंग केंद्र में मौजूदा 52 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इस कोचिंग में पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों में जाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम के मुताबिक कुशल शिक्षकों के द्वारा तालीम दी जा रही है। आरईएल के आसपास बसे गाँव रायखेड़ा, ताराशिव, खमरिया, बरतोरी, कोनारी, तुलसी, मुरा, गैतरा, मोहरेंगा एवं बहेसर के ऐसे युवक जो देश की रक्षा के लिए अपनी सेवा देना चाहते हैं और अपना भविष्य चुनना चाहते है, उन्हें अक्सर अच्छी कोचिंग के लिए तिल्दा या रायपुर के तरफ रुख करना पड़ता था। अदाणी फाउंडेशन ने ऐसे युवाओं की जरुरत को ध्यान में रख कर उनको उचित मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से प्रयास कोचिंग केंद्र की स्थापना की।

## नपाध्यक्ष ने ओबीसी जातिगत जनगणना कराने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

पायनियर संवाददाता ≺ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने एवं क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में ओबीसी प्रतिनिधित्व (आरक्षण) लागू किए जाने व अन्य मांगों के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल अन्य द्वारा मनेंद्रगढ़ एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। प्रदेश सरकार द्वारा ओबीसी जातिगत जनगणना कराए जाने हेतु जनगणना फार्म में ओबीसी का कालम जोड़े जाने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजते हुए ओबीसी महासभा की मांग से अवगत कराने की मांग की गई. इसके अलावा ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रीमी लेयर की शर्तों को समाप्त कर मंडल कमीशन की अनुशंसा ओं को पूर्णतया लागू करने की मांग की गई. छत्तीसगढ़ में लंबित 27प्र ओबीसी आरक्षण को शीघ्र लागू करने जैसी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर ओबीसी को संख्या में अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर ओबीसी पर किए जा रहे अन्याय पर अंकुश लगाने के लिए कठोरतम कदम उठाया जाए.साथ ही छत्तीसगढ़ में लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को शीघ्र लागू किया जाए अन्यथा की स्थिति में ओबीसी महासभा प्रदेश भर में चरणबद्ध ढंग से आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा ने कि थाने में शिकायत

सरायपाली। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ सरायपाली मंडल के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल चौहान, महासमुंद जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र विपिन उपोवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल उपाध्यक्ष गंगाराम पटेल सांसद प्रतिनिधि आशीष सेन पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा गुंजन अग्रवाल जे पी यादव हितेश यादव अमित आहूजा प्रमोद सागर मनोज दास युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू पाढी, उपाध्यक्ष राजेश नायक मंत्री वीरेंद्र पटेल उपेंद्र बंजारा सोमू साहू, फि रोज पटेल आयुष साहू धनुजा यादव आदित्य मोहन पंडा हिमांश साहू सोशल मीडिया प्रभारी सूरज पानी ग्रही आदि उपस्थित थे।

## पलारी पुलिस की एक और सफलता मोबाइल लूटकर भाग रहे आरोपी को दबोचा

पायनियर संवाददाता ≺ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



थाना पलारी क्षेत्र के प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके मोबाईल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूट कर भाग रहा है, जिसका ग्रामीण लोग पीछा कर रहे है कि सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कल्याण ऐलसेला एवं अति पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह को बताकर, तत्काल निरी सीआर चन्द्रा थाना प्रभारी पलारी, प्रआर रमेश मिश्रा, विनोद बांधे, आरक्षक विक्की वर्मा जाकर आरोपी को मोबाइल सहित धर दबोचे और उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 515/2021 धारा 394 भादवि0 पंजीबद्ध कर आरोपी राजेश गेन्दले पिता राम गेन्दले उम्र 25 वर्ष साकिन सुन्द्री स थाना पलारी को गिर0 कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## सघन टीबी खोज अभियान प्रशिक्षण

**सरायपाली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरईपाली में बीएमओ डॉक्टर नारायण साहू , बीपीएम शीतल



सिंह खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे ,डीपीसी उत्तम श्रीवास, एस टी एल एस राम प्रकाश चौधरी, एसटीएस रूपचंद साहू के द्वारा विकासखंड सरायपाली में सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का सघन टीबी खोज अभियान का प्रशिक्षण दिया गया जिसके तहत मितानिनों के द्वारा घर घर जाकर टीबी के संदिग्ध व्यक्ति्तयों का खोज 10 सितंबर 21 से 10 अक्टूबर 21 तक किया जाएगा स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि जो कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके है, उच्च जोखिम वाले समूह बच्चे वयोवृद्ध, कोमार्बिटी मरीज या ऐसे व्यक्ति जिन्हें 15 दिन से लगातार खांसी आ रहा है सर्वे के दौरान अपना जानकारी अवश्य देवे ताकि ऑन स्पॉट सैंपल लेकर जांच किया जा सके हमारा लक्ष्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करना है।

## मोहन मरकाम एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा के जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ≺ खरोरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम व जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा के जन्मदिन पर खरोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में खरोरा मंगल भवन में केक काटकर व श्रीफल के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह व वृक्षारोपण के साथ हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए कार्यकर्ताओ से कहा कि - कार्यकर्ताओ के ही मेहनत व मार्गदर्शन से ही कांग्रेस की सरकार बनी है, यह सम्मान समारोह कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत को धन्यवाद कहने का एक छोटा सा माध्यम मात्र है। इस अवसर पर विधायक महोदया ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री की जोरदार प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हर किसान को अपनी उपज का बहुत अच्छा दाम मिल रहा है, जहाँ सरकार धान को 2500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीद रही है तो वहीं कोदो, कुटकी, जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी फसल को 3000 रुपए प्रति क्विंटल के दर से खरीदी कर छत्तीसगढ़ को मिलेट हब के रूप में विकसित कर रहे है इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री के द्वारा तीजा के अवसर पर




सभी स्वसहायता समूहों का कर्ज माफकिया गया, भूमिहीन किसानों के लिए 6000 रुपये के अनुदान की घोषणा की एवम अकाल पीड़ित क्षेत्रो के किसानों के लिए 9000 रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा राशि की घोषणा की है, जो कि अभूतपूर्व है। सरकार गांव गरीब किसान मजदूर महिलाओ के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रही है। जिसमें खनिज निगम के अध्यक्ष-गिरीश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी -मण्डल दास गिलहरे, बलराम नरसिंह, जिलाध्यक्ष-उधोराम वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष - देवव्रत नायक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष - अरविंद देवांगन, उपाध्यक्ष-अश्वनी वर्मा, एल्डरमैन-नीलेश चंद्रवंशी, पार्षद-सुरेंद्र गिलहरे, जनपद सदस्य - मुकेश भारद्वाज, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस-रविन्द्र बबलू भाटिया समस्त कांगेसी गण उपस्थिति रहे।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला- जशपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1092/रीडर-1 /2021
जशपुर, दिनांक 06/09/2021

